

# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक

रांची, शुक्रवार, 3 जुलाई 2026
संवत 2083, अषाढ़ कृष्ण पक्ष 04 मूल्य-3 रुपये
वर्ष-9, अंक 289, पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028



4 ▸▸ फुटबॉल का सबसे महान खिलाड़ी कौन?

विवाद में फंसी अजय की फिल्म चौहान ◂◂ 6

## पूर्व मंत्री रामेश्वर उरांव और बेटे रोहित उरांव को ईडी का दूसरा समन, 6 जुलाई को पूछताछ के लिए बुलाया

मेट्रो रेज

**रांचीः** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने झारखंड के पूर्व मंत्री एवं कांग्रेस के वरिष्ठ विधायक रामेश्वर उरांव और उनके बेटे रोहित उरांव को दूसरी बार समन जारी करते हुए 6 जुलाई को रांची स्थित जोनल कार्यालय में पूछताछ के लिए उपस्थित होने को कहा है।

इससे पहले ईडी ने दोनों को सोमवार को पूछताछ के लिए बुलाया था, लेकिन वे एजेंसी के समक्ष उपस्थित नहीं हो सके थे। बताया गया कि दोनों ने एजेंसी से पेश होने के लिए तीन सप्ताह का समय मांगा था। हालांकि, ईडी ने नया समन जारी करते हुए 6 जुलाई को उपस्थित होने का निर्देश दिया है।

सूत्रों के अनुसार, रामेश्वर उरांव और रोहित उरांव निर्धारित तिथि पर ईडी के समक्ष उपस्थित होकर अपना पक्ष रख सकते हैं। एजेंसी की पूछताछ में शराब टेंडर से जुड़े कथित वित्तीय लेन-देन को लेकर कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर सवाल पूछे जाने की संभावना है।

शराब टेंडर से जुड़े लेन-देन की जांचः जानकारी के मुताबिक, ईडी को जांच के दौरान ऐसे साक्ष्य मिले हैं जिनमें रोहित उरांव और झारखंड के चर्चित पावर ब्रोकर प्रेम प्रकाश के बीच शराब टेंडर से जुड़े कथित आर्थिक लेन-देन का उल्लेख है। एजेंसी का दावा है कि इस लेन-देन का एक बड़ा हिस्सा बैंक खातों के माध्यम से किया गया था।

बताया जा रहा है कि शराब घोटाले से जुड़े मामले की जांच के दौरान रोहित उरांव के विभिन्न ठिकानों पर हुई छापेमारी में जब्त दस्तावेजों और डिजिटल साक्ष्यों की जांच के बाद इन संदिग्ध लेन-देन की जानकारी सामने आई। इन्हीं तथ्यों के आधार पर ईडी अब दोनों से विस्तृत पूछताछ करेगी। फिलहाल, मामले में ईडी की जांच जारी है और एजेंसी की ओर से आधिकारिक रूप से पूछताछ के संबंध में विस्तृत जानकारी सार्वजनिक नहीं की गई है।

# जेपीएससी ने संयुक्त असैनिक सेवा प्रारंभिक परीक्षा का परिणाम किया जारी




- 2,204 अभ्यर्थी सफल, मुख्य परीक्षा दो पालियों में 18 से 20 जुलाई तक होगी संपन्न
- मुख्य परीक्षा के लिए 3 जुलाई यानी आज से ऑनलाइन आवेदन शुरू, अभिलेख अपलोड और हार्ड कॉपी जमा करने का निर्देश

संवाददाता

**रांचीः** झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) ने झारखंड संयुक्त सेवा प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा 2025 का परिणाम जारी कर दिया है। इसमें कुल 2,204 अभ्यर्थी सफल घोषित किए गए हैं। यह परीक्षा इसी वर्ष 19 अप्रैल को आयोजित की गई थी।

आयोग ने यह परिणाम झारखंड उच्च न्यायालय द्वारा प्रारंभिक परीक्षा के परिणाम जारी करने पर लगी रोक हटाए जाने के बाद जारी किया है। दरअसल, सिविल सेवा परीक्षा में उम्र सीमा में छूट देने का मामला हाईकोर्ट में चला गया था, जिसके बाद कोर्ट ने पीटी रिजल्ट जारी करने का निर्देश दिया था।

प्रारंभिक परीक्षा में सफल घोषित उम्मीदवारों को अब मुख्य परीक्षा देनी होगी। परिणाम के साथ ही उन उम्मीदवारों की सूची भी जारी कर दी गई है जो अगले चरण की परीक्षा में भाग लेंगे।

**प्रत्येक पाली की अवधि 3 घंटे की होः** मुख्य परीक्षा के लिए आवेदन प्रक्रिया 3 जुलाई से शुरू हो चुकी है और उम्मीदवार 9 जुलाई तक आवेदन कर सकते हैं। जेपीएससी ने मुख्य परीक्षा की तारीखें भी जारी कर दी हैं। यह परीक्षा 18, 19 और 20 जुलाई 2026 को रांची जिले के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की जाएगी।

मुख्य परीक्षा तीनों दिन दो पालियों में संपन्न होगी। प्रत्येक पाली की अवधि 3 घंटे की होगी। पहली पाली सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक और दूसरी पाली दोपहर 2:30 बजे से शाम 5:30 बजे तक होगी।

18 जुलाई को प्रथम पाली में पहला पत्र और दूसरी पाली में दूसरा पत्र होगा। 19 जुलाई को तीसरे और चौथे पत्र की परीक्षा होगी, जबकि 20 जुलाई को पांचवें और छठे पत्र की परीक्षा आयोजित की जाएगी। 950 अंकों की मुख्य परीक्षा के बाद 100 अंकों का साक्षात्कार भी होगा।

यह परिणाम आयोग की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है। आयोग की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार, प्रारंभिक परीक्षा में सफल अभ्यर्थी 3 जुलाई 2026 से मुख्य (लिखित) परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे।

अभ्यर्थियों को निर्धारित अवधि में आवश्यक प्रमाण-पत्र व अभिलेख ऑनलाइन अपलोड करने के साथ उनकी हार्ड कॉपी भी आयोग को जमा करनी होगी। इससे संबंधित विस्तृत दिशा-निर्देश आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध करा दिए गए हैं।

## किन्नौर में 4 जगह फटा बादल, एनएच-5 बंद कई वाहन क्षतिग्रस्त, सड़कों पर लंबा जाम

### चोलिंग-रिब्बा और लिप्पा-रिस्पा में बाढ़ से चारों तरफ भयंकर तबाही



**शिमला :** हिमाचल प्रदेश में मानसून ने रफ्तार पकड़ते ही तबाही मचानी शुरू कर दी है। जनजातीय जिला किन्नौर में बीती रात हुई मूसलाधार बारिश के बाद अचानक आई बाढ़ ने राष्ट्रीय उच्च मार्ग-5 (एनएच-5) को पूरी तरह बंद कर दिया। वहीं लाहौल-स्पीति में उफनते जाहलमा नाले के कारण एक मरीज को अस्पताल पहुंचाने के लिए बैकहो लोडर का सहारा लेना पड़ा।

किन्नौर के चोलिंग क्षेत्र में अचानक आई बाढ़ अपने साथ भारी मात्रा में मलबा और दलदल लेकर आई, जिससे एनएच-5 पूरी तरह अवरुद्ध हो गया। सड़क पर चल रहे कई वाहन मलबे में फंस गए। हालांकि, राहत की बात यह रही कि इस घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई और सभी लोग सुरक्षित हैं।

घटना की जानकारी मिलते ही जिला प्रशासन हरकत में आ गया। उपायुक्त (डीसी) डॉ। अमित कुमार शर्मा ने बताया कि चोलिंग के पास सड़क से मलबा हटाने और फंसे वाहनों को निकालने के लिए भारी मशीनरी तैनात कर दी गई है। प्रशासन और संबंधित एजेंसियां राष्ट्रीय राजमार्ग को जल्द से जल्द यातायात के लिए बहाल करने में जुटी हैं।

उधर, लाहौल-स्पीति जिले में जाहलमा नाले में आई बाढ़ के कारण लोगों की परेशानियां बढ़ गई हैं। नाले पर बना पुल पहले ही क्षतिग्रस्त था और सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) द्वारा बनाई गई अस्थायी पुलिया भी तेज बहाव में बह गई। इसके चलते उदयपुर उपमंडल और पांगी घाटी का संपर्क प्रभावित हो गया।

इसी बीच उदयपुर उपमंडल के शेनुर गांव की रहने वाली शांति देवी को सीने में संक्रमण और सांस लेने में तकलीफ होने पर कुल्लू रेफर किया गया। जब एंबुलेंस जाहलमा नाले के पास पहुंची तो तेज बहाव के कारण आगे बढ़ना संभव नहीं था।

ऐसे में बीआरओ और पुलिस के जवानों ने साहस का परिचय देते हुए मरीज को स्ट्रेचर सहित बैकहो लोडर की मदद से उफनता नाला पार कराया। दूसरी ओर पहुंचने के बाद उन्हें एंबुलेंस के जरिए क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू भेजा गया, जहां उनकी हालत अब स्थिर बताई जा रही है। बीआरओ ने नाले पर अस्थायी पुल बनाकर यातायात आंशिक रूप से बहाल कर दिया। उल्लेखनीय है कि मई में भूस्खलन के कारण जाहलमा पुल क्षतिग्रस्त हो गया था, जिसके बाद नए पुल का निर्माण कार्य जारी है। स्थानीय विधायक अनुराधा राणा ने उम्मीद जताई है कि इस महीने के अंत तक नया पुल तैयार हो जाएगा।

## दिल्ली में चार आतंकी गिरफ्तार, आईएसआई की दहशत फैलाने की साजिश, एनसीआर भी था निशाने पर



**नई दिल्लीः** दिल्ली पुलिस के स्पेशल सैल ने पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई प्रायोजित एक अंतर-राज्यीय आतंकी और हथियार नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है। इस अभियान में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, जिनमें से तीन पंजाब से और एक दिल्ली से है। ये आरोपी दिल्ली में आतंकी गतिविधियों को अंजाम देने की योजना बना रहे थे। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान शुभदीप सिंह, गुरजंट सिंह, साजन सिंह और गगनप्रीत के रूप में हुई है। इन्हें आईएसआई हैंडलर शहजाद भट्टी और उसके सहयोगियों के निर्देश पर काम करने के आरोप में पकड़ा गया है। आरोपी अपनी पहचान छिपाने के लिए विदेशी नंबरों का इस्तेमाल कर रहे थे। ये नंबर उन्हें पाकिस्तानी हैंडलरों द्वारा उपलब्ध कराए गए थे। स्पेशल सैल ने आरोपियों के पास से दो विदेशी पिस्तौल और नौ जिंदा कारतूस के अलावा पांच मोबाइल फोन भी जब्त किए गए हैं।

## एलपीजी ले जा रहा एक टैंकर टोल बूथ से टकराने के बाद हुआ ब्लास्ट, चार की मौत



**नई दिल्लीः** उत्तर प्रदेश के कौशांबी में एलपीजी(लिक्विफाइड पेट्रोलियम गैस) ले जा रहा एक टैंकर टोल बूथ से टकराने के बाद फट गया, जिससे चार लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। यह हादसा 26 जून की सुबह करीब 6:40 बजे हुआ और इसका सीसीटीवी फुटेज आज सुबह सामने आया।

24 सेकंड के इस वीडियो में दो टैंकर टोल बूथ की ओर आते दिख रहे हैं, तभी उनमें से एक अचानक बेकाबू हो जाता है, डिवाइडर से टकराता है और टोल प्लाजा से जा भिड़ता है। इसके बाद दुर्घटनाग्रस्त टैंकर से गैस लीक हुई और जबरदस्त धमाका हुआ। कुछ ही पल में इलाके में घना धुआं फैल गया। खबरों के मुताबिक, आग की लपटें इतनी तेज थीं कि उन्हें करीब दो किलोमीटर दूर से भी देखा जा सकता था। पुलिस अधिकारी ने बताया कि आग पर काबू पाने के लिए ज़िले की सभी फायर ब्रिगेड यूनिट्स और सिविल पुलिस के जवानों को तैनात किया गया था। ड्राइवर, जिसकी पहचान 40 वर्षीय धर्मेंद्र दुबे के तौर पर हुई है, और टोल प्लाजा के कर्मचारी आलोक की मौके पर ही मौत हो गई। टोल प्लाजा के कई अन्य कर्मचारी भी गंभीर रूप से घायल हो गए और उन्हें अस्पताल ले जाया गया। उनमें से दो की बाद में मौत हो गई। ट्रैफिक जाम से बचने के लिए कुछ समय के लिए गाड़ियों को बिना शुल्क के टोल प्लाजा से गुजरने दिया गया। हादसे की जांच के लिए एक तकनीकी टीम बनाई गई है।

## जम्मू-कश्मीर : सोनमर्ग सुरंग के पास सीआरपीएफ की गाड़ी पलटी, हादसे में 6 जवान घायल




**श्रीनगर :** जम्मू-कश्मीर के गांदरबल जिले में शुक्रवार को एक सड़क हादसे में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के 6 जवान घायल हो गए। श्रीनगर-लेह राष्ट्रीय राजमार्ग पर सोनमर्ग के गगनगीर सुरंग के पास सीआरपीएफ का एक वाहन अचानक अनियंत्रित होकर सड़क से फिसल गया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, वाहन का संतुलन बिगड़ने के कारण यह हादसा हुआ। दुर्घटना के समय वाहन में सवार छह जवान घायल हो गए। हादसे के तुरंत बाद राहत एवं बचाव दल मौके पर पहुंचा और सभी जवानों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। घायल जवानों को घटनास्थल पर प्राथमिक उपचार देने के बाद बेहतर इलाज के लिए गुंड स्थित सीआरपीएफ शिविर और नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया। अधिकारियों के अनुसार, सभी जवानों का इलाज जारी है। घटना के बाद स्थानीय पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस और संबंधित एजेंसियां यह पता लगाने में जुटी हैं कि हादसा चालक से हुई चूक, तकनीकी खराबी या किसी अन्य कारण से हुआ। जांच पूरी होने के बाद ही दुर्घटना के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा।

# बम-बम भोले के जयकारों के साथ शुरू हुई अमरनाथ यात्रा

- 57 दिन तक होंगे दर्शन, दूसरे जत्थे को भी मिली रवाना होने की अनुमति
- प्रधानमंत्री ने श्रद्धालुओं को लिखा पत्र, सुरक्षित यात्रा के साथ पांच संकल्प लेने की अपील
- उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने जम्मू के भगवती नगर बेस कैंप से पहले जत्थे को किया रवाना



**पहलगाम/श्रीनगरः** बाबा बफार्नी के पवित्र दर्शन के लिए बहुप्रतीक्षित अमरनाथ यात्रा शुरू हो गई है। अगले 57 दिनों तक ग्रेटर हिमालय की ऊंची वादियां बम-बम भोले के जयकारों से गूंजती रहेंगी। 28 अगस्त तक श्रद्धालु समुद्र तल से 3,888 मीटर की ऊंचाई पर स्थित पवित्र गुफा में प्राकृतिक रूप से निर्मित हिम शिवलिंग के दर्शन कर सकेंगे। इस वर्ष यात्रा के दौरान चार लाख से अधिक श्रद्धालुओं के पहुंचने की उम्मीद है।

यात्रा के पहले दिन जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने जम्मू के भगवती नगर बेस कैंप से पहले जत्थे को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। पहले जत्थे में 4,822 श्रद्धालु शामिल थे, जिन्हें 259 वाहनों के सुरक्षा काफिले के साथ बालटाल और पहलगाम मार्ग के लिए रवाना किया गया।

लगातार बारिश और खराब मौसम को देखते हुए प्रशासन ने श्रद्धालुओं से दर्शन के बाद जल्द सुरक्षित स्थानों पर लौटने की अपील की है। यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा के लिए पूरे मार्ग पर हर दो किलोमीटर की दूरी पर ऑक्सीजन बूथ स्थापित किए गए हैं। वहीं, दोमेल मार्ग पर चार स्थानों पर बड़ी एलईडी स्क्रीन लगाई गई हैं, जिनके माध्यम से श्रद्धालुओं को मौसम और यात्रा से जुड़ी ताजा जानकारी दी जा रही है।

अमरनाथ यात्रा दो मार्गों से संचालित की जा रही है। श्रद्धालु अनंतनाग जिले के पारंपरिक 48 किलोमीटर लंबे नुनवान-पहलगाम मार्ग या गांदरबल जिले के 14 किलोमीटर लंबे बालटाल मार्ग से पवित्र गुफा तक पहुंच सकते हैं।

बारिश के कारण गुरुवार को बालटाल मार्ग पर कुछ समय के लिए यात्रा रोकनी पड़ी थी। हालांकि, मौसम में सुधार के बाद शुक्रवार सुबह करीब चार बजे दूसरा जत्था भी भगवती नगर बेस कैंप से रवाना कर दिया गया।

दूसरे जत्थे में कुल 3,865 श्रद्धालु शामिल हैं। इनमें 1,735 श्रद्धालु 115 वाहनों के जरिए बालटाल बेस कैंप के लिए रवाना हुए, जबकि 2,130 श्रद्धालु 86 वाहनों से पारंपरिक पहलगाम मार्ग की ओर भेजे गए। प्रशासन का कहना है कि यात्रा के दौरान सुरक्षा, स्वास्थ्य और मौसम की स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है, ताकि श्रद्धालुओं की यात्रा सुरक्षित और सुगम बनी रहे।

## समाचार सार

### खूंटी में मनाया गया 'चावल दिवस', राशनकार्डधारियों के बीच हुआ खाद्यान्न वितरण



**खूंटी:** उपायुक्त मो जावेद हुसैन के निर्देशानुसार खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग तथा जिला आपूर्ति विभाग, खूंटी द्वारा प्रत्येक माह की 2 तारीख को आयोजित किए जाने वाले 'चावल दिवस' के तहत जिले के विभिन्न जन वितरण प्रणाली (पीडीएस) दुकानों में राशनकार्डधारियों के बीच खाद्यान्न का वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं उपायुक्त द्वारा प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों की उपस्थिति में लाभुकों को निर्धारित मात्रा में खाद्यान्न का पारदर्शी एवं सुव्यवस्थित तरीके से वितरण सुनिश्चित कराया गया। वितरण के समय लाभुकों की सुविधा का विशेष ध्यान रखा गया और निर्धारित मानकों के अनुरूप पूरी प्रक्रिया संपन्न हुई। खाद्यान्न प्राप्त करने के बाद लाभुकों ने जिला प्रशासन की इस व्यवस्था की सराहना करते हुए संतोष व्यक्त किया। कई लाभुकों ने समय पर और सुचारू रूप से राशन मिलने पर खुशी जताई। इस अवसर पर संबंधित क्षेत्रों के जनप्रतिनिधि, प्रतिनियुक्त पदाधिकारी, प्रखंड एवं आपूर्ति विभाग के अधिकारी, जन वितरण प्रणाली विक्रेता तथा अन्य संबंधित कर्मी मौजूद रहे। अधिकारियों ने वितरण व्यवस्था का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए, ताकि सभी पात्र लाभुकों को बिना किसी परेशानी के खाद्यान्न उपलब्ध कराया जा सके। उपायुक्त मो० जावेद हुसैन ने जिले के सभी पात्र राशनकार्डधारियों से अपील की है कि वे निर्धारित तिथि पर अपने निकटवर्ती पीडीएस दुकान से खाद्यान्न अवश्य प्राप्त करें। यदि वितरण से संबंधित किसी प्रकार की समस्या आती है, तो संबंधित प्रखंड आपूर्ति कार्यालय अथवा जिला आपूर्ति कार्यालय से संपर्क कर शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

### हंटरगंज में नवविवाहित युवक की संदिग्ध मौत, फंदे पर लटका मिला शव



**चतरा:** जिले के हंटरगंज प्रखंड के पांडेपुरा पंचायत अंतर्गत गेजना मोड़ निवासी अमका भुईयां के 21 वर्षीय पुत्र मिथिलेश भारती की बुधवार देर रात संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। गुरुवार सुबह परिजनों ने उसे घर के एक कमरे में फांसी के फंदे से लटका हुआ पाया। सूचना मिलते ही पांडेपुरा पिकेट प्रभारी सुनील दुबे पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और मामले की जांच शुरू की। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा, जिसके बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

बताया जाता है कि मृतक की शादी लगभग तीन माह पूर्व हुई थी। वह रांची में रहकर मजदूरी करता था और करीब एक सप्ताह पहले अपने घर आया था।ग्रामीणों के बीच विभिन्न तरह की चचाएं हैं। कुछ लोगों का दावा है कि मृतक की पत्नी के कथित प्रेम-प्रसंग की जानकारी उसे हो गई थी, जिससे वह मानसिक रूप से परेशान था। हालांकि, इस संबंध में पुलिस ने किसी भी दावे की पुष्टि नहीं की है।थाना प्रभारी प्रभात कुमार ने बताया कि मामले की जांच जारी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और अन्य साक्ष्यों के आधार पर ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि यह आत्महत्या का मामला है या किसी अन्य कारण से मौत हुई है। पुलिस सभी पहलुओं की जांच कर रही है।

### इटखोरी में 65वें सुब्रतो कप अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल प्रखंड स्तरीय प्रतियोगिता का शुभारंभ



**चतरा:** जिले के इटखोरी प्रखंड के केबी+2 हाई स्कूल मैदान में गुरुवार को 65वें सुब्रतो कप अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल प्रखंड स्तरीय प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि इटखोरी प्रमुख प्रिय कुमारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी सोमनाथ बांकिरा तथा प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया।

इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों ने खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त किया और उन्हें अनुशासन, खेल भावना तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन के साथ प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि खेल न केवल शारीरिक और मानसिक विकास का माध्यम है, बल्कि युवाओं में टीम भावना, नेतृत्व क्षमता और अनुशासन का भी विकास करता है। कार्यक्रम का आयोजन राज्य परियोजना कार्यालय के निदेर्शानुसार किया गया। प्रतियोगिता में प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों की फुटबॉल टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। उद्घाटन समारोह के बाद पहला मुकाबला खेला गया, जिसमें खिलाड़ियों ने शानदार खेल कौशल का प्रदर्शन किया। विद्यालय परिवार, शिक्षकगण, खेल प्रेमी एवं स्थानीय ग्रामीणों की उपस्थिति से मैदान में उत्साह का माहौल बना रहा। आयोजकों ने बताया कि प्रतियोगिता के सफल खिलाड़ियों को अगले स्तर की प्रतियोगिताओं में भाग लेने का अवसर मिलेगा।

# मुख्यमंत्री ने एसआईआर अभियान के तहत भरा वोटर सत्यापन फॉर्म, राज्यवासियों से की अपील

संवाददाता




**रांची:** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने गुरुवार को कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के तहत स्वयं एन्यूमरेशन प्रपत्र भरकर जमा किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने झारखंड के सभी पात्र मतदाताओं से निर्धारित समय सीमा के भीतर एसआईआर प्रक्रिया पूरी करने की अपील की। उन्होंने कहा कि मतदान का अधिकार सुरक्षित रखना प्रत्येक नागरिक की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है।

मुख्यमंत्री की उपस्थिति में 64-हटिया विधानसभा क्षेत्र के बूथ संख्या-290 की बीएलओ ने एन्यूमरेशन फॉर्म भरने की प्रक्रिया पूरी कराई। इस दौरान मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी एवं विधायक कल्पना सोरेन ने भी स्वयं अपना एन्यूमरेशन प्रपत्र भरकर जमा किया।

मतदाताओं से समय पर सत्यापन कराने की अपीलः मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्य के सभी मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि वे समय पर अपना एसआईआर प्रपत्र भरें और मतदाता सूची में दर्ज अपनी जानकारी का सत्यापन अवश्य कराएं। उन्होंने कहा कि मतदान प्रक्रिया में प्रत्येक नागरिक की भागीदारी ही लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत है।

'शुद्ध मतदाता सूची से ही मजबूत होगा लोकतंत्र': मुख्यमंत्री ने कहा कि मतदाता सूची का शुद्ध और अद्यतन होना स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव प्रक्रिया की आधारशिला है। उन्होंने लोगों से एसआईआर अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाने और अपने परिवार, पड़ोस तथा अन्य पात्र मतदाताओं को भी इस प्रक्रिया में शामिल होने के लिए प्रेरित करने की अपील की।

## विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान तेज, सांसद कालीचरण मुंडा को बीएलओ ने सौंपा प्रगणना प्रपत्र



संवाददाता

**खूंटी:** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार चलाए जा रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यक्रम के तहत खूंटी जिले में घर-घर प्रगणना अभियान लगातार जारी है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त मो. जावेद हुसैन के निर्देश पर बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) ने शुक्रवार को खूंटी लोकसभा क्षेत्र के सांसद कालीचरण मुंडा सहित विभिन्न जनप्रतिनिधियों के आवास पहुंचकर प्रगणना प्रपत्र (एन्यूमरेशन फॉर्म) का वितरण किया। इस दौरान बीएलओ ने जनप्रतिनिधियों को प्रपत्र भरने की पूरी प्रक्रिया, आवश्यक दस्तावेजों और निर्धारित समय-सीमा की विस्तृत जानकारी दी। साथ ही अनुरोध किया कि सभी आवश्यक दस्तावेजों के साथ प्रपत्र को सही एवं पूर्ण रूप से भरकर समय पर संबंधित बीएलओ को उपलब्ध कराएं, ताकि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य सफलतापूर्वक पूरा किया जा सके। जिला प्रशासन ने जिले के सभी मतदाताओं से अपील की है कि वे विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम में सक्रिय रूप से भाग लें, बीएलओ को आवश्यक सहयोग दें तथा निर्धारित अवधि के भीतर प्रगणना प्रपत्र जमा कर मतदाता सूची के शुद्धिकरण एवं अद्यतन कार्य में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं।

### प्रतिनियोजन के खेल में उलझी शिक्षा व्यवस्था

## कौरा और प्रतापपुर के सैकड़ों छात्रों का भविष्य अधर में

संवाददाता



**चतरा:** जिले के प्रतापपुर प्रखंड के उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय कौरा और उत्क्रमित प्लस टू राज्य संपोषित उच्च विद्यालय, प्रतापपुर में नए शिक्षकों की नियुक्ति से छात्र-छात्राओं, अभिभावकों और ग्रामीणों को बेहतर शिक्षा की उम्मीद जगी थी। वर्षों से शिक्षकों की कमी झेल रहे इन विद्यालयों में लगा था कि अब नियमित पढ़ाई होगी, लेकिन कुछ ही समय बाद कई शिक्षकों के प्रतिनियोजन (डेपुटेशन) ने इन उम्मीदों पर पानी फेर दिया।

जानकारी के अनुसार, कौरा विद्यालय में नियुक्त चार पीजीटी शिक्षकों ने प्रभाव और पैरवी के बल पर अपना प्रतिनियोजन अन्य विद्यालयों में करा लिया। इनमें गौतम कुमार साव (रसायन), पुष्पांजलि सिंह (अंग्रेजी), पूनम पांडेय (जीव विज्ञान) और रोमा कुमारी (कॉमर्स) शामिल हैं। इसके कारण विद्यालय में विज्ञान और अन्य महत्वपूर्ण विषयों की पढ़ाई बुरी तरह प्रभावित हो गई है।

1200 विद्यार्थियों के लिए मात्र नौ शिक्षकः कौरा विद्यालय में कक्षा एक से 12वीं तक करीब 1200 छात्र-छात्राएं नामांकित हैं। यहां 29 शिक्षकों के पद स्वीकृत हैं, लेकिन वर्तमान में केवल एक प्राथमिक शिक्षक, चार टीजीटी और पांच पीजीटी शिक्षक ही कार्यरत हैं। प्राथमिक स्तर से लेकर इंटरमीडिएट तक के विद्यार्थियों की पढ़ाई शिक्षक अभाव के कारण प्रभावित हो रही है। उधर, प्लस टू उच्च विद्यालय प्रतापपुर की स्थिति भी कम चिंताजनक नहीं है। यहां करीब 1400 विद्यार्थियों के लिए सात पीजीटी और सात टीजीटी शिक्षकों की नियुक्ति हुई थी, लेकिन चार पीजीटी शिक्षकों का प्रतिनियोजन अन्य स्थानों पर हो चुका है। नविता कुमारी (कॉमर्स) का प्रतिनियोजन रांची, नीतू कुमारी (गणित) का धनबाद, अविनाश कुमार (जीव विज्ञान) का मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय सिमरिया तथा रोशनी कुमारी (अंग्रेजी) का चतरा स्थित बॉयज स्कूल में किया गया है। अब मात्र तीन पीजीटी शिक्षकों के भरोसे पूरे विद्यालय की पढ़ाई चल रही है।

शिक्षा व्यवस्था पर उठे सवालः सबसे बड़ी विडंबना यह है कि विभागीय रिकॉर्ड में ये शिक्षक मूल विद्यालयों में पदस्थापित दिखाए जाते हैं, जबकि वे दूसरे विद्यालयों में कार्यरत हैं। इससे विभाग नए शिक्षकों की नियुक्ति भी नहीं कर पाता और ग्रामीण विद्यालयों के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से वंचित होना पड़ता है। अभिभावकों और स्थानीय लोगों ने शिक्षा विभाग से मांग की है कि जिन विद्यालयों के लिए शिक्षकों की नियुक्ति हुई है, उन्हें वहीं सेवा देने का निर्देश दिया जाए। साथ ही शिक्षक विहीन विद्यालयों में स्थायी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। अब सवाल यह है कि क्या शिक्षा विभाग इस गंभीर समस्या पर ठोस कदम उठाएगा या फिर ग्रामीण छात्रों का भविष्य प्रतिनियोजन की भेंट चढ़ता रहेगा।

### चतरा में जिला आर्ट एसोसिएशन का गठन

## फ्लैक्स बोर्ड के बढ़ते चलन पर जताया विरोध



संवाददाता

**चतराः** गुरुवार को जिला मुख्यालय स्थित पत्थलदास मंदिर परिसर में जिला आर्ट एसोसिएशन का जिला स्तरीय सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन की अध्यक्षता बबन आर्ट ने की, जबकि संचालन कान्हाचट्टी के श्रवण आर्ट ने किया। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए दर्जनों पेंटरों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती की पूजा-अर्चना के साथ हुई। सम्मेलन में सर्वसम्मति से जिला आर्ट एसोसिएशन का गठन किया गया। इसमें राजू आर्ट को जिला अध्यक्ष, श्रवण आर्ट को उपाध्यक्ष, अशोका आर्ट को सचिव, मोनू आर्ट को उपसचिव, दीपक आर्ट को कोषाध्यक्ष तथा रवि आर्ट को मीडिया प्रभारी चुना गया। वहीं बबन आर्ट, प्रमोद आर्ट, राजेंद्र आर्ट और राज आर्ट को संगठन का संरक्षक मनोनीत किया गया। बैठक में संगठन को मजबूत बनाने, पेंटिंग कार्य की नई दरें लागू करने तथा कलाकारों के हितों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई। जिला आर्ट एसोसिएशन ने सरकारी एवं निजी विभागों में तेजी से बढ़ रहे फ्लैक्स बोर्ड के उपयोग पर कड़ा विरोध जताया।नव-निर्वाचित जिला अध्यक्ष राजू आर्ट ने कहा कि जल्द ही इस मुद्दे को लेकर चतरा उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा जाएगा, ताकि स्थानीय पेंटरों के रोजगार की रक्षा की जा सके। उपसचिव मोनू आर्ट ने जिला प्रशासन से मांग की कि बाहरी पेंटरों को कार्य देने के बजाय स्थानीय कलाकारों को प्राथमिकता दी जाए, जिससे जिले के पेंटरों को रोजगार मिल सके। सम्मेलन में आशीष आर्ट-2, रवि आर्ट, चंदन आर्ट, गोपाल आर्ट, राजकुमार आर्ट सहित जिले के कई पेंटर उपस्थित रहे।

### प्रतापपुर में चोरों का आतंक, किसानों के मोटर व सोलर प्लेट बने निशाना

**चतरा:** जिले के प्रतापपुर थाना क्षेत्र में चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। अब चोरों ने किसानों को अपना निशाना बनाना शुरू कर दिया है, जिससे क्षेत्र के किसानों में दहशत और चिंता का माहौल है। खेतों की सिंचाई के लिए लगाए गए मोटर और सरकारी योजना से स्थापित सोलर प्लेट चोरी होने से किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार जोगिडीह पंचायत के महुगाई गांव निवासी कृष्ण यादव, चंदन यादव और कोमल यादव के खेतों में लगे सिंचाई मोटर अज्ञात चोरों ने चोरी कर लिए। वहीं डुमरी गांव के किशोरी साव का भी सिंचाई मोटर चोरी हो गया। लगातार हो रही इन घटनाओं से किसान परेशान हैं और अपनी फसलों की सिंचाई को लेकर चिंता में हैं। इधर चोरों ने सरकारी योजना के तहत लगाए गए सोलर सिस्टम को भी नहीं छोड़ा। घुज्जी गांव के सतेंद्र यादव के खेत में सांसद मद से लगभग 2.5 लाख रुपये की लागत से लगाया गया सोलर प्लेट और समरसेबल अज्ञात चोर उखाड़कर ले गए। इस घटना से ग्रामीणों में आक्रोश है। किसानों का कहना है कि खेती के लिए लगाए गए उपकरणों की चोरी से उनकी आजीविका पर सीधा असर पड़ रहा है।

### कृषक गोष्ठी सह कृषक- वैज्ञानिक अंतरमिलन कार्यक्रम में अर्जुन मुंडा ने कहा-

# कृषि उत्पादन बढ़ाने के साथ- साथ धरती की उर्वरा शक्ति बचाना भी जरूरी





संवाददाता

**खूंटी:** राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि कृषि उत्पादन बढ़ाने के साथ-साथ धरती की उर्वरा शक्ति को सुरक्षित रखना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि रासायनिक उर्वरकों के असंतुलित उपयोग से मिट्टी की उर्वरता लगातार घट रही है, इसलिए किसानों को अब जैविक खेती की ओर बढ़ना चाहिए। तोरपा प्रखंड के चुरगी स्थित कृषि विज्ञान केंद्र, खूंटी में आयोजित कृषक गोष्ठी सह कृषक- वैज्ञानिक अंतरमिलन कार्यक्रम के तहत 'जैविक खेती एवं श्री अन्न का महत्व' विषय पर आयोजित कार्यशाला को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए अर्जुन मुंडा ने कहा कि अन्न सभी के लिए आवश्यक है और पौष्टिक भोजन हर व्यक्ति की जरूरत है। इसके लिए किसानों का आर्थिक रूप से सशक्त होना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि कृषि योग्य भूमि लगातार कम होती जा रही है। ऐसे में किसानों को बहुफसलीय खेती के साथ-साथ बागवानी, रेशम पालन, लाह उत्पादन, मधुमक्खी पालन और पशुपालन जैसे सहायक व्यवसायों को अपनाना चाहिए, जिससे उनकी आय में वृद्धि हो सके। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का लक्ष्य किसानों की आय बढ़ाना है और वैज्ञानिक एवं जैविक खेती इस दिशा में महत्वपूर्ण माध्यम बन सकती है। अर्जुन मुंडा ने खूंटी को जैविक जिला बनाने के लिए किसानों और कृषि वैज्ञानिकों के सामूहिक प्रयासों पर बल दिया। उन्होंने किसानों से मड़ुवा, गोंदली, मक्का सहित अन्य श्री अन्न की खेती को बढ़ावा देने तथा अपनी कृषि योग्य भूमि की बिक्री नहीं करने की अपील की। उन्होंने यह भी कहा कि विकास के बावजूद पहाड़िया और बिरहोर जैसी आदिम जनजातियां अब भी मुख्यधारा से दूर हैं, इसलिए समाजहित को भी प्राथमिकता देनी होगी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक कोचे मुंडा ने कहा कि कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक किसानों को केवल सैद्धांतिक नहीं, बल्कि व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दें। उन्होंने कहा कि वैज्ञानिक खेती अपनाकर किसान अपनी आय और जीवन स्तर में उल्लेखनीय सुधार कर सकते हैं। साथ ही उन्होंने कृषि विज्ञान केंद्र के लिए भूमि उपलब्ध कराने वाले किसानों को प्राथमिकता देने की भी मांग की। इस अवसर पर पूर्व कुलपति डॉ. ए.के. सिंह, आत्मा के अधिकारी अनुरंजन कुमार तथा कृषि विज्ञान केंद्र के निदेशक डॉ. दीपक राय सहित अन्य वैज्ञानिकों ने कृषि विज्ञान केंद्र की योजनाओं, उपलब्धियों और किसानों के हित में संचालित कार्यक्रमों की जानकारी दी। उन्होंने किसानों से जैविक खेती अपनाने और श्री अन्न के उत्पादन को बढ़ावा देने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान कई प्रगतिशील किसानों को सम्मानित भी किया गया।

# विजन 2050 को गति देने में जुटी हेमंत सरकार 'नेशनल स्टेकहोल्डर्स कंसल्टेशन' का आयोजन

## नेशनल स्टेक होल्डर्स कंसल्टेशन को लेकर मुख्यमंत्री से मिले प्रदेश आईटी और उद्योग सचिव

मेट्रो रेज



**रांचीः** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से झारखण्ड मंत्रालय में सचिव आईटी विभाग पूजा सिंघल एवं सचिव उद्योग विभाग अरवा राजकमल ने शिष्टाचार मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री को उक्त अधिकारियों ने आगामी 08 एवं 09 जुलाई 2026 को नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय परामर्श सम्मेलन (नेशनल स्टेक होल्डर्स कंसल्टेशन) में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने हेतु सादर आमंत्रित किया। मौके पर विशेष सचिव, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग राजीव लोचन बक्शी मौजूद रहे।

विदित हो कि झारखण्ड सरकार के सूचना प्रौद्योगिकी, उद्योग और पर्यटन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आगामी 8 और 9 जुलाई 2026 को नई दिल्ली में 'नेशनल स्टेकहोल्डर्स कंसल्टेशन' का आयोजन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की अगुवाई में होने वाले इस दो दिवसीय कार्यक्रम में राज्य के औद्योगिक, तकनीकी और पर्यटन विकास का रोडमैप खींचा जाएगा। दो दिनों तक चलने वाले इस कार्यक्रम में देश-विदेश के कई बड़े नीति निर्धारक, निवेशक और तकनीकी विशेषज्ञ शामिल हो रहे हैं। इस दौरान उद्योग जगत के हितधारकों से महत्वपूर्ण सुझाव एवं प्रतिक्रिया आमंत्रित करने के लिए तीनों विभागों से जुड़े विभिन्न नीतियों जैसे झारखंड एआई पॉलिसी, झारखंड इंवेस्टमेंट प्रमोशन पॉलिसी, झारखंड टूरिज्म पॉलिसी, झारखंड टेक्सटाइल्स पॉलिसी, जेआईएडीए रेगूलेशन , पीपीपी पॉलिसी का कांसेप्ट पेपर, सहित अन्य नीतियां प्रारूप के तौर पर जारी की जाएंगी। यह कार्यक्रम बदलते परिवेश को देखते हुए झारखण्ड में आईटी, आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस, डिजिटल गवर्नेंस, औद्योगिक विकास और पर्यटन के क्षेत्र में संभावनाओं को आगे बढ़ाने तथा एक्सप्लोर इंफिनाइट अपॉर्चुनिटीज के दृष्टिकोण को साकार करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। सरकार का मानना है कि इस आयोजन से न केवल झारखण्ड में निवेश आएगा, बल्कि रोजगार के नए अवसर भी पैदा होंगे।

यह आयोजन विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ), दावोस में राज्य की पहली बार हुई मौजूदगी और उससे निकले परिणाम को मजबूत करने तथा राज्य में वैश्विक निवेश को गति देने, राज्य की कोर थीम एक्सप्लोर इंफिनाइट अपॉर्चुनिटीज को धरातल पर उतारने और 'झारखण्ड विजन 2050' के दीर्घकालिक लक्ष्यों को पूरा करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है।

**आई, एआई एवं डिजिटल गवर्नेंस पर मंथनः** कार्यक्रम के पहले दिन के पहले सत्र में 'डिजिटल गवर्नेंस और आईटी इंफ्रास्ट्रक्चर' पर गहन चर्चा होगी। इसमें देश के शीर्ष आईटी विशेषज्ञ और सरकारी नीति निमार्ता झारखण्ड में आधुनिक आईटी, आईटी पार्क, एआई और डिजिटल गवर्नेंस से जुड़े निवेश तथा साझेदारी को तलाशने पर विचार-विमर्श करेंगे। तत्पश्चात सरकार और आईटी,एआई और डिजिटल गवर्नेंस से जुड़े व्यापारिक प्रतिनिधियों के बीच (बी2जी) सीधी बातचीत होगी। पहले दिन का समापन 'झारखण्ड में एआई भविष्य को आकार देना' विषय पर केंद्रित विशेष सत्र से होगा, जहां राज्य के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की नीति प्रारूप पर चर्चा होगी और एआई क्षेत्र की संभावनाओं पर जोर रहेगा। इस बीच आईटी विभाग और कंपनियों के बीच कुछ एमओयू भी हस्ताक्षर किया जायेगा।

**निवेश, पर्यटन और बड़े समझौतों का दिनः** दूसरे दिन के सत्रों में इन्वेस्टमेंट एंड इन्क्लूसिव डेवलपमेंट और टूरिज्म' पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। इसके तहत निवेशकों के समक्ष राज्य की समृद्ध सांस्कृतिक और प्राकृतिक पर्यटन क्षमताओं को प्रदर्शित कर निवेश आकर्षित किया जाएगा। इस सत्र के उपरांत 'औद्योगिक प्रोत्साहन और निवेश' पर विशेष स्टेकहोल्डर्स कंसल्टेशन होगा, जिसमें नए उद्योगों की स्थापना पर चर्चा होगी। इस चर्चा के बाद कार्यक्रम का एक महत्वपूर्ण सत्र भी होगा, जिसमें राज्य के विकास को गति देने के लिए कई बड़े औद्योगिक घरानों के साथ एमओयू साइन किए जाएंगे। साथ ही झारखण्ड सरकार की नई दूरदर्शी नीतियों के ड्राफ्ट और नए डिजिटल पोर्टल्स का आधिकारिक शुभारंभ भी किया जाएगा।

कार्यक्रम का समापन राज्य की समृद्ध संस्कृति को प्रदर्शित करते हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ होगा जिसमें झारखण्ड राज्य की संस्कृति, नृत्य संगीत, आदि से देश-विदेश के कई गणमान्य व्यक्ति, उद्योग जगत से जुड़े लोग शामिल होंगे।

## वित्त मंत्री ने लौटाया सुरक्षा में लगे गार्ड और काफिला

### बिना स्कॉट और सुरक्षाकर्मियों के घूम रहे

मेट्रो रेज

**रांची :** झारखंड सरकार में कांग्रेस कोटे से मंत्री बने वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर इन दिनों अपने एक फैसले को लेकर चर्चा में हैं। मंत्री ने अपनी सुरक्षा में तैनात 16 सुरक्षा गार्ड और उनके लिए आवंटित 3 सुरक्षा वाहनों को राज्य सरकार को वापस लौटा दिया है। अब वे बिना किसी भारी-भरकम सुरक्षा काफिले के सफर कर रहे हैं। इस फैसले के पीछे वित्त मंत्री ने तर्क दिया है कि महज 16 सुरक्षाकर्मियों की आवाजाही के लिए तीन बड़े वाहनों का काफिला रखना सुरक्षा के दृष्टिकोण से न तो उचित है और न ही व्यावहारिक।

**बिना सुरक्षा व्यवस्था के पहुंचे खेलगांव**



शुक्रवार को वे बिना सुरक्षा के राजधानी रांची के खेलगांव में आयोजित एक कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे। उन्हें इस रूप में देखकर वहां मौजूद लोग और अधिकारी भी हैरान रह गए। राजनीतिक गलियारों और आम जनता के बीच वित्त मंत्री के इस कदम को लेकर अलग अलग तरह की चर्चा है। हालांकि उनकी सुरक्षा में लगे गार्ड और स्पेशल ब्रांच के जवानों को वह अपने आवास बुला रहे हैं लेकिन कहीं अपने साथ नहीं ले जा रहे।

## रांची ऑटो यूनियन ने दी चेतावनी, 6 जुलाई को लोक भवन घेरेंगे चालक

**रांचीः** राजधानी रांची में ऑटो चालकों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर बड़ा आंदोलन करने का ऐलान किया है। रातू रोड ऑटो स्टैंड स्थित महावीर मंदिर परिसर में हुई संयुक्त बैठक में ट्रैफिक पुलिस द्वारा चलती ऑटो का चालान काटने, नगर निगम क्षेत्र में कथित अवैध वसूली, नए सीएनजी ऑटो परमिट और ई-रिक्शा ई-पास समेत कई मुद्दों पर चर्चा हुई।

## वैश्य मोर्चा का तृतीय महाधिवेशन 30-31 अक्टूबर को कांके में

**रांचीः** झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा का तृतीय महाधिवेशन आगामी 30 एवं 31 अक्टूबर को कांके में आयोजित किया जायेगा। इस महाधिवेशन में पहले दिन 30 अक्टूबर को पूरे झारखंड से वैश्य मोर्चा प्रतिनिधि, सदस्य और समर्थक शामिल होंगे, जबकि दूसरे दिन 31 अक्टूबर को प्रतिनिधि- सत्र होगा, जिसमें अध्यक्ष का चुनाव किया जायेगा। पहले दिन खुला-सत्र में झारखंड राज्य सहित देश के विभिन्न क्षेत्रों से वैश्य नेताओं, मंत्रियों, सांसदों, विधायकों एवं बुद्धिजीवियों को आमंत्रित किया जायेगा। यह जानकारी वैश्य मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु एवं कार्यकारी अध्यक्ष हीरानाथ साहु ने आज एक संयुक्त बयान जारी कर दिया है। बयान में कहा गया है कि 1 जुलाई को रांची में संपन्न डॉ. वीपी केशरी जयंती सह विचार-गोष्ठी में पारित प्रस्तावों को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को सौंपने का निर्णय लिया गया था। जो अगले सप्ताह सौंपा जायेगा। जबकि विचार-गोष्ठी में आगामी कार्यक्रमों को लेकर भी विस्तार से चर्चा की गई थी, जैसे- 9 अगस्त को रामगढ़ में वैश्य क्रांति सम्मेलन, 17 अगस्त को धनबाद में शहीद मणींद्रनाथ मंडल जयंती कार्यक्रम में शामिल होने, रांची, हजारीबाग, रामगढ़, चतरा, लोहरदगा, लातेहार, खूंटी, गुमला, देवघर, धनबाद, गिरिडीह आदि जिलों में सम्मेलन आयोजित करने एवं 30-31 अक्टूबर को कांके में तृतीय महाधिवेशन आयोजित करने पर सहमति बनी थी।

## रातू में अवैध मोरम खनन पर कार्रवाई हाईवा व जेसीबी जब्त, चार पर प्राथमिकी



संवाददाता

**रांची :** राजधानी के रातू थाना क्षेत्र में अवैध मोरम खनन और परिवहन के खिलाफ प्रशासन ने कार्रवाई की है। पुलिस ने अवैध मोरम लोड कर रहे एक हाईवा और जेसीबी को जब्त किया है। साथ ही दोनों वाहनों के चालक को हिरासत में लिया गया है।

जानकारी के अनुसार, रातू के अंचल अधिकारी रवि कुमार क्षेत्र भ्रमण के दौरान सिमलिया (तिलता) मौजा में अवैध रूप से मोरम खनन और ढुलाई करते देखा। इसके बाद तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही रातू थाना की गश्ती टीम मौके पर पहुंची और मोरम लोड कर रहे एक हाईवा और एक जेसीबी को पकड़ लिया।

कार्रवाई के दौरान हाईवा चालक अजय हेम्ब्रम और जेसीबी चालक शंकर प्रजापति को हिरासत में लिया गया। पुलिस दोनों वाहनों को जब्त कर थाने ले आई है। इस मामले में हाईवा चालक व मालिक और जेसीबी चालक व जेसीबी मालिक के खिलाफ अवैध खनन एवं परिवहन के आरोप में बीएनएस, एमएमडीआर एक्ट और झारखंड माइनर मिनरल्स कंसेशन रूल्स की संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है और अवैध खनन में शामिल अन्य लोगों की भी

# बीई/बीटेक में नामांकन के लिए ऑनलाइन काउंसिलिंग शुरू, 5 को मेरिट लिस्ट होगा जारी



'संवाददाता

**रांची :** झारखंड के सरकारी एवं सरकारी मान्यता प्राप्त इंजीनियरिंग कॉलेजों में बीई/बीटेक सत्र 2026 में नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। झारखंड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद (जेसीईसीईबी) ने जेईई (मेन्स) के आधार पर होने वाली ऑनलाइन काउंसिलिंग का कार्यक्रम जारी कर दिया है। चार चरणों में होने वाली यह काउंसिलिंग 11 अगस्त तक पूरी की जाएगी।

जेसीईसीईबी के अनुसार, 5 जुलाई को स्टेट मेरिट लिस्ट जारी होगी। इसके बाद 6 से 9 जुलाई तक पहले चरण की चॉइस फिलिंग होगी। अभ्यर्थी 10 जुलाई की शाम 5 बजे तक अपने विकल्पों में संशोधन कर सकेंगे। पहले चरण के तहत 12 से 17 जुलाई के बीच प्रोविजनल सीट आवंटन पत्र जारी किए जाएंगे। जबकि 13 से 17 जुलाई तक संबंधित संस्थानों में दस्तावेज सत्यापन और नामांकन की प्रक्रिया पूरी होगी। दूसरे चरण के लिए 17 जुलाई को नए आवेदन लिए जाएंगे। 20 जुलाई को दूसरी मेरिट लिस्ट जारी की जाएगी और 25 जुलाई को सीट आवंटन किया जाएगा। तीसरे चरण के तहत 29 जुलाई को आवेदन, 1 अगस्त को मेरिट लिस्ट जारी और 4 अगस्त को सीट आवंटित की जाएगी। चौथा एवं अंतिम चरण 6 से 11 अगस्त तक आयोजित होगा।

पर्षद ने स्पष्ट किया है कि पहले, दूसरे और तीसरे चरण के लिए स्टेट मेरिट लिस्ट में शामिल अभ्यर्थियों को अगले राउंड के लिए दोबारा आवेदन करने की आवश्यकता नहीं होगी। केवल नए अभ्यर्थियों को संबंधित चरण में आवेदन करना होगा। जेसीईसीईबी ने अभ्यर्थियों को अधिक से अधिक कॉलेजों और ब्रांचों का विकल्प भरने की सलाह दी है, ताकि मेरिट के आधार पर सीट मिलने की संभावना बढ़ सके। साथ ही, सीट आवंटन के बाद संबंधित संस्थान में सभी मूल प्रमाण-पत्र जमा करना अनिवार्य होगा। ऐसा नहीं करने पर आवंटित सीट स्वतः रद्द मानी जाएगी।

## झारखंड स्टेट मुस्लिम मजलिस ए मुशावरत की बैठक संपन्न

# एसआईआर को लेकर जागरूकता अभियान चलाने का निर्णय



मेट्रो रेज

**रांचीः** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा आयोजित विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर के अंतर्गत इनयूमिनेशन फेस का कार्यक्रम दिनांक 30 जून 2026 से 29 जुलाई 2026 तक निर्धारित किया गया है, प्रथम चरण के अंतर्गत दिनांक 30 जून 2026 से 29 जुलाई तक फॉर्म भरने का काम किया जाएगा।

फॉर्म भरने में जो लोगों को परेशानी हो रही है उसको देखते हुए मजलिस ने जागरूकता अभियान चलाने का निर्णय लिया है, मजलिस के कन्वीनर खुर्शीद हसन रूमी ने कहा कि कल जुम्मा में सभी मस्जिद से उलेमा एसआईआर के बारे में विस्तार से बताएं ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग फार्म सही तरीके से भर सके। इसके लिए एक समिति का गठन किया गया जिसमें मंजूर अहमद अंसारी, मुख्तार खान एडवोकेट, खुर्शीद हसन रूमी, हाजी अलीमुद्दीन, अकील उर रहमान, मुफ्ती अब्दुल्लाह अजहर कासमी, कारी जान मुस्तफी, नफीसुल आबिदीन, नसीम अख्तर, निहाल अहमद, शादाब खान, मोहम्मद फारूक को समन्वय समिति का सदस्य बनाया गया है, आगामी बैठक जिसमें पंचायत के जिम्मेदार, मस्जिदों के सदर सेक्रेटरी, और तंजीम के अध्यक्ष और सचिव को बुलाया जाना है, जिसमें गंभीर मामलों पर शहर और देहात में जागरूकता फैलाने के लिए लोगों को जानकारी दी जाएगी एवं एवं ट्रेनिंग प्रोग्राम भी मोहल्ले में आयोजित करने का निर्णय लिया गया है,

बैठक में मुख्य रूप से मंजूर अहमद अंसारी, मुख्तार खान एडवोकेट, खुर्शीद हसन रूमी, हाजी अलीमुद्दीन, किलर रहमान, मुफ्ती अब्दुल्लाह अजहर कासमी, का शिकारी जान मुस्ताफी,हयात खान, मुफ्ती वसीम और रहमान, अब्दुल खालिक, नफीसुल आबेदीन, मंजर मुजीबी, नसीम अख्तर, जावेद अहमद, मुस्तकीम अहमद, मोहम्मद इम्तियाज मुन्ना, औरंगजेब खान, शाह उमेर, हाफिज मोहम्मद आरिफ व अन्य सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

## बंद घर का ताला तोड़ सात लाख के सोने-चांदी के गहने चोरी

**रांची :** राजधानी के रातू थाना क्षेत्र स्थित सुंडील बसाई टोली में बंद घर का ताला तोड़कर करीब 7 लाख रुपये मूल्य के सोने-चांदी के जेवरात चोरी हुई है। पीड़िता की शिकायत पर रातू थाना में अज्ञात चोरों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। पीड़िता आकृति कुमारी ने पुलिस को बताया कि वह अपने पूरे परिवार के साथ छत्तीसगढ़ के रामानुजगंज में एक शादी समारोह में शामिल होने गई थी। सुबह पड़ोसियों ने फोन कर घर का ताला टूटा होने की सूचना दी। सूचना मिलते ही वह वापस घर पहुंचीं तो देखा कि मेन गेट का ताला टूटा हुआ है और घर का सामान बिखरा पड़ा है। सामान की जांच करने पर पता चला कि घर से सोने की चेन (20 ग्राम), झुमका (10 ग्राम), मंगलसूत्र, अंगूठी, कमरधनी, पायल, चांदी की चेन, बिछिया समेत अन्य सोने-चांदी के जेवरात चोरी हो गए हैं। चोरी गए गहनों की अनुमानित कीमत करीब 7 लाख रुपये बताई गई है।

## जैक के नए सचिव सच्चिदानंद तिग्गा ने संभाला पदभार



**रांची :** झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) के नए सचिव सच्चिदानंद तिग्गा ने पदभार ग्रहण कर लिया। पदभार संभालने के बाद जैक कार्यालय में अधिकारियों और कर्मचारियों ने उनका स्वागत किया और उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर अधिकारियों ने विश्वास जताया कि सच्चिदानंद तिग्गा के नेतृत्व में जैक की शैक्षणिक, प्रशासनिक और परीक्षा संबंधी गतिविधियों को नई गति मिलेगी तथा परिषद के कार्यों में और अधिक प्रभावशीलता आएगी।

# कोमाकी इलेक्ट्रिक स्कूटी *चूज एंड यूज* से! ना बाबा ना...,परेशान ग्राहक की पीड़ा

मेट्रो रेज




**रांचीः** राजधानी रांची के मेन रोड स्थित (वूल हाउस के सामने) कोमाकी इलेक्ट्रिक स्कूटी के डिस्ट्रीब्यूटर चूज एंड यूज से स्कूटी खरीद कर ग्राहक परेशान हैं। इस संबंध में धुर्वा निवासी एनके सिंह ने बताया कि कोमाकी स्कूटी के बेहतर परर्फामेंस से प्रभावित होकर उन्होंने 8 जून 2026 को रांची के मेन रोड स्थित कोमाकी इलेक्ट्रिक स्कूटी के डिस्ट्रीब्यूटर चूज एंड यूज से 60 वोल्ट बैटरी क्षमता वाली 1 मॉडल की स्कूटी खरीदी। जिसका चेसिस नंबर- एमजी2026 0101158359, मोटर नंबर-2025 099755 और बैटरी नंबर ब ा ेड ी 1 6 0 1 9 0 2 एचजेएनडीएनएसई बीएफ 077581 है। जिसकी कीमत 58, 500 रुपए ली गई।

स्कूटी खरीदने के बाद मैं स्वयं स्कूटी चला कर अपने घर धुर्वा ले आया। दूसरे दिन 9 जून को स्कूटी स्टार्ट नहीं होने पर इसकी शिकायत डिस्ट्रीब्यूटर से की। जो एक महिला है। उन्होंने पहले कहा कि बैटरी खराब हो गई है तो गाड़ी को ले आएं। जब उन्हें कहा गया कि स्कूटी चल ही नहीं रही है तो कैसे ले आएं? यह तो डिस्ट्रीब्यूटर की जिम्मेवारी है। बावजूद इसके डिस्ट्रीब्यूटर ने उनकी एक न सुनी। विवश होकर उन्होंने कोमाकी कंपनी में संपर्क किया। संभवतः कंपनी से डिस्ट्रीब्यूटर पर दबाव दिए जाने के बाद उक्त महिला आई और बैटरी देखने के बाद टेक्निकल फाल्ट की बात कहकर चली गई। स्कूटी स्टार्ट नहीं हुआ। बैटरी चार्ज नहीं ले रहा था। पुनः इसकी शिकायत करने के बाद दो दिनों के बाद उक्त महिला एक नाबालिग लड़के को साथ लेकर आई। उनके साथ कोई मैकेनिक नहीं था। वह बैटरी खोलकर ले गई। जब ग्राहक ने कहा कि या तो बैटरी नया दे दीजिए या स्कूटी बदल कर दीजिए। लेकिन डिस्ट्रीब्यूटर ने नहीं सुनी। स्कूटी खरीदने के लगभग 25 दिन हो चुके हैं। लेकिन अभी तक न तो बैटरी ला करके दी और न ही स्कूटी बदल कर दे रही है। नया स्कूटी खरीद कर यूं ही घर में पड़ा हुआ है। ग्राहक के मुताबिक कोमाकी कंपनी के कस्टमर केयर सर्विस नंबर पर भी इसकी शिकायत की गई। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने राजधानी रांची स्थित कोमाकी स्कूटी के अन्य डीलर से इस संबंध में संपर्क किया तो पता चला कि उक्त डीलर(चूज एंड यूज) से स्कूटी लेकर दर्जनों ग्राहक परेशान हैं।

**वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, राँची**

सर्वसाधारण के लिए सूचना



ARYAN KUMAR

नाम एवं पहनावा

आर्यन कुमार रंग–सांवला, ऊँचाई– 5 फीट 6 ईंच,
पहनावा– सफेद शर्ट एवं काला जींस पैंट।

उपरोक्त अपहृत/गुमशुदा आर्यन कुमार उम्र–17 वर्ष पे0 स्व0 संतोश चौधरी वर्तमान में अपने नाना के घर देवी नगर–भवानी नगर रोड नं0–01, हेसाग, थाना जगरनाथपुर, जिला राँची दिनांक–12.06.26 को लगभग 02: बजे से धुर्वा क्रिकेट स्टेडियम में क्रिकेट मैच देखने गया एवं अबतक लौट कर घर नहीं आया है। जिसके संबंध मे जगरनाथपुर थाना काण्ड संख्या–146/2026, दिनांक–14.06. 2026, धारा–137(2) दर्ज कर खोजबीन की जा रही है। उपरोक्त सूचना को सार्वजनिक किया जाना आवश्यक है।

अतः सभी जनसाधारण से अनुरोध है कि यदि उपरोक्त अपहृत/गुमशुदा कहीं मिलता/दिखता है तो इसके संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

पुलिस उपाधीक्षक, हटिया, राँची। – 9431706143
पु0नि0सह–थाना प्रभारी
जगरनाथपुर, राँची। – 9431706169

वरीय पुलिस अधीक्षक,
राँची

PR 383788 Police (26-27)_D

झारखण्ड सरकार
**जिला मत्स्य कार्यालय, खूँटी**

वित्तीय वर्ष 2026–27

**निजी एवं बन्दोबस्त सरकारी जलकरों में मत्स्य बीजों के आच्छादन पर अनुदान योजना**

झारखण्ड सरकार, कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (मत्स्य प्रभाग) के राज्यादेश संख्या–15रा०(वि0), दिनांक–23.06.2026(तालाब तथा जलाशय मत्स्य का विकास एवं जीर्णोद्धार योजना, वित्तीय वर्ष 2026–27) द्वारा जिला–खूँटी को कुल 100 एकड़ जलक्षेत्र(अजजा/अन्य के लिए–80 एकड़ तथा अजा के लिए–20 एकड़) को मत्स्य बीज से आच्छादन पर चयनित लाभुकों को अनुदान दिये जाने का भौतिक लक्ष्य प्राप्त है। इस योजना अंतर्गत निजी तालाब लाभुक तथा सरकारी जलकरों के बन्दोबस्तधारी लाभुक योजना का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। इस योजना में चयनित लाभुक Blockchain Platform में निबंधन कराने के बाद जिला मत्स्य कार्यालय, खूँटी से संबद्ध प्रशिक्षित मत्स्य बीज उत्पादकों से मत्स्य अंगुलिकाओं का क्रय करेंगे एवं अपने तालाब में 5000 बीज प्रति एकड़ औसत जलक्षेत्र की दर से संचयन करेंगे(तालाब के जलक्षेत्र अनुसार समानुपातिक रूप से मत्स्य बीज संचयन की दर होगी)। योजना की प्राक्कलित राशि मो० 3750/– रु० मात्र प्रति एकड़ की दर से गणना की जाएगी। मत्स्य अंगुलिका के क्रय पर 50 प्रतिशत सहायता/अनुदान अर्थात् अधिकतम 1875/– रुपये प्रति एकड़ औसत जलक्षेत्र की दर से गणना की जाएगी। अनुदान की राशि लाभुक के बैंक खाता में डी०बी०टी० की जाएगी।

लाभुकों का चयन जिला स्तरीय सुरक्षित जमा निर्धारण समिति द्वारा किया जाएगा तत्पश्चात् योजना क्रियान्वित की जाएगी। लाभुक के साथ मत्स्य बीज संचयन का Geo tagged फोटोग्राफ्स (Lattitude-Longitude सहित) लाभुक द्वारा समर्पित किया जाएगा। विभागीय प्रशिक्षण प्राप्त एवं चालू वित्तीय वर्ष 2026–27 में झास्कोफिश/विभागीय फिश फीड मिल से फिश फीड प्राप्त करने वाले मत्स्य कृषकों को प्राथमिकता दी जाएगी। विभाग द्वारा मत्स्य स्पॉन प्राप्त करने वाले मत्स्य बीज उत्पादक एवं उनके परिवार को यह लाभ देय नहीं होगा। आवेदन प्रपत्र जिला मत्स्य कार्यालय, खूँटी में निःशुल्क उपलब्ध है। आवेदक स्वयं ग्राम पंचायत से तालाब का रकबा/जलक्षेत्र के साथ अनुमोदन प्राप्त करते हुए दिनांक 20/07/2026 तक कार्यालय अवधि में जिला मत्स्य कार्यालय, खूँटी में वांछित कागजातों के साथ ऑफलाईन (Offline) आवेदन जमा करेंगे साथ ही सभी वांछित कागजातों के साथ जिला मत्स्य कार्यालय में उपस्थित होकर Blockchain Platform में अपना निबंधन कराते हुए चयनोपरांत आनलाईन (Online) आवेदन भी करेंगे।

योजना की विस्तृत जानकारी जिला मत्स्य कार्यालय, खूँटी से प्राप्त की जा सकती है एवं नोटिस बोर्ड पर भी देखा जा सकता है।

**"पहले आओ पहले पाओ" की तर्ज पर लाभुक चयन किया जाएगा।**

जिला मत्स्य पदाधिकारी
खूँटी

PR 383842 Fish (26-27)_D

## सुविचार

**सबसे मुश्किल रास्ता वह होता है जब आपको अकेले चलना पड़ता है, लेकिन वही रास्ता आपको मजबूत भी बनाता है।**

## खेल कूटनीतिः बास्केटबॉल से अमेरिका-भारत निकटता

भारत के युवा बास्केटबॉल खिलाड़ियों की एक पीढ़ी के लिए अमेरिका नक्शे पर भले ही दूर हो पर उन्हें वह कहीं करीब महसूस होता है। वे सोशल मीडिया पर नेशनल बास्केटबॉल एसोसिएशन (एनबीए) के मशहूर खिलाड़ियों को फॉलो करते हैं, यूट्यूब पर उनके खेल की बारीकियों का अध्ययन करते हैं, अपने पसंदीदा खिलाड़ियों पर चर्चा करते हैं और दुनिया के सबसे बड़े मंच पर प्रतिस्पर्धा करने का सपना देखते हैं। मई 2026 में यह जुड़ाव नई दिल्ली स्थित अमेरिकन सेंटर में आयोजित फ्रीडम 250 ह्लस्लैम डंक एक्सपीरियंसह्व के दौरान साकार हुआ। दिल्ली के स्कूलों और बास्केटबॉल अकादमियों से आए 150 से अधिक विद्यार्थी एनबीए के प्रतिनिधियों से मिलने के लिए एकत्र हुए। एनबीए अमेरिका की प्रमुख पेशेवर बास्केटबॉल लीग है और खेल के मशहूर बास्केटबॉल खिलाड़ियों का ठिकाना है। यह कार्यक्रम फ्रीडम 250 समारोहों के तहत आयोजित किया गया था, जो अमेरिका की 250वीं वर्षगांठ मनाने के लिए एक पहल है। नई दिल्ली में अमेरिकी दूतावास ने अमेरिकी पेशेवर बास्केटबॉल टीम सैक्रामेंटो किंग्स के साथ साझेदारी कर विद्यार्थियों को बास्केटबॉल खेल, इस खेल में कुशल बनने और साझा आकांक्षाओं के माध्यम से जुड़ने का अवसर प्रदान किया।

जब विद्यार्थियों से उनके बास्केटबॉल नायकों के बारे में पूछा जाता है तो वे तुरंत जवाब देते हैंः स्टीफन करी, कोबी ब्रायंट, एलन आइवरसन, डेविन बुकर और जियानिस एंटेटोकाउनम्पो। ये नाम अलग-अलग युगों, टीमों और खेलने की शैलियों का प्रतिनिधित्व करते हैं, जो बास्केटबॉल की बढ़ती लोकप्रियता को दशार्ते हैं।

कार्यक्रम के प्रतिभागियों में से एक अफ्युपांग मिश्रा के लिए एंटेटोकाउनम्पो प्रेरणा के स्रोत हैं। मिश्रा मिल्वॉकी बक्स के इस स्टार खिलाड़ी की प्रशंसा करते हैं ह्लक्योंकि वह बहुत प्रभावशाली हैं।ह्व कार्यक्रम में शामिल कई युवा खिलाड़ियों की तरह वह भी भारत के बाहर पेशेवर स्तर पर खेलने और अंततः खेल के सर्वोच्च स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने की आशा रखते हैं। ऐसी महत्वाकांक्षाएं पूरे दिन कार्यक्रम के दौरान एक साझा विषय बनी रहीं। नेहरू वर्ल्ड स्कूल के 16 वर्षीय खिलाड़ी कृष्णा सिंह, जिन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व किया है, एक दिन अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलना चाहते हैं। वह कहते हैं, ह्लमेरा लक्ष्य एनबीए तक पहुंचना है।ह्व उनके सहपाठी मयंक त्यागी का लक्ष्य भी कुछ ऐसा ही है। वह कहते हैं, ह्लमैं भारत के लिए खेलना चाहता हूं लेकिन मेरा मुख्य लक्ष्य अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलना है। पूरे कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों ने शूटिंग, पासिंग और ड्रिब्लिंग स्टेशनों पर अभ्यास किया और सैक्रामेंटो किंग्स के कोच तथा दिल्ली के अन्य खिलाड़ियों से बातचीत की। कई विद्यार्थियों के लिए इस अनुभव ने उनके इस विश्वास को और मजबूत किया कि भारत में बास्केटबॉल का भविष्य उज्ज्वल है। नेहरू वर्ल्ड स्कूल की रुद्राक्षी वर्मा कहती हैं,ह्लभारत में बास्केटबॉल बढ़ रहा है और इसका वास्तव में भविष्य है।ह्व उनका मानना है कि यह खेल ऐसे सबक सिखाता है जो खेल प्रदर्शन से कहीं आगे हैं। वह कहती हैं, ह्लयह सिर्फ खेल के बारे में नहीं है। हमें इससे नए लोगों से मिलने-जुलने का अवसर मिलता है, नई तरह की चीजें सीखने को मिलती हैं, हम खेल भावना सीख पाते हैं, जो हम किताबों या किसी अकादमिक शिक्षा से नहीं सीख सकते।

शिव नादर स्कूल की सिमरन एनबीए के महान खिलाड़ी कोबी ब्रायंट से प्रेरणा लेती हैं, जिनकी समर्पण भावना और अनुशासन आज भी दुनिया भर के खिलाड़ियों को प्रभावित करते हैं। ब्रायंट की प्रसिद्ध ह्लमाम्बा मेंटैलिटीह्व-एक ऐसा दर्शन जो निरंतर आत्म-सुधार और दृढ़ता पर आधारित है- उनके लिए प्रेरणा का स्रोत बनी हुई है।

विद्यार्थियों ने एनबीए दिग्गज हॉल ऑफ फेमर व्लाडे डीवॉत्स की बातें भी सुनीं, जिनके लॉस एंजिलिस लेकर्स, शार्लट हॉर्नेट्स और सैक्रामेंटो किंग्स के साथ कॅरियर ने उन्हें बास्केटबॉल के सबसे प्रसिद्ध पहचान वाले अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों में से एक बनाने में मदद की। प्रतिभागियों से बातचीत करते हुए डीवॉत्स ने जोर दिया कि सफलता इस बात से निर्धारित नहीं होती कि कोई व्यक्ति कहां से शुरूआत करता है। अपने जीवन का उदाहरण देते हुए उन्होंने विद्यार्थियों को अपने लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए कड़ी मेहनत, अनुशासन और शिक्षा पर ध्यान केंद्रित करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा, ह्लइससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि आपका जन्म कहां हुआ है। आप अपने सपनों को किसी भी तरह हासिल कर सकते हैं लेकिन आपको सही काम करने होंगे। डीवॉत्स ने खेल और अकादमिक शिक्षा के बीच संतुलन के महत्व पर भी जोर दिया और कहा कि मैदान के अंदर और बाहर दोनों जगह समर्पण युवा खिलाड़ियों के लिए अवसर पैदा कर सकता है। उन्होंने कहा, ह्लयदि आप खेल से प्यार करते हैं, कड़ी मेहनत करते हैं और स्कूल में अच्छा प्रदर्शन करते हैं तो बास्केटबॉल निश्चित रूप से आपको एनबीए खिलाड़ी बनने का रास्ता देता है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने का सपना देखने वाले विद्यार्थियों के लिए संदेश स्पष्ट था- प्रतिभा महत्वपूर्ण है लेकिन प्रतिबद्धता और तैयारी भी उतनी ही महत्वपूर्ण हैं। डीवात्स ने प्रतिभागियों को याद दिलाया कि जो लोग अपने विकास में निवेश करने के लिए तैयार रहते हैं, उनके लिए अवसर अप्रत्याशित स्थानों से भी उभर सकते हैं। उन्होंने कहा, ह्लयदि आप खेल से प्यार करते हैं, अपने खेल पर मेहनत करते हैं और अपने खेल को विकसित करते हैं तो आगे चलकर, कौन जानता है, आप एनबीए तक पहुंच सकते हैं।बास्केटबॉल कौशल से आगे बढ़कर इस कार्यक्रम ने सार्थक संवाद के अवसर भी प्रदान किए। कई विद्यार्थियों ने कहा कि अमेरिकी प्रशिक्षकों, खिलाड़ियों और प्रतिनिधियों के साथ बातचीत ने उन्हें खेल से जुड़े लोगों और उनके दृष्टिकोण को बेहतर ढंग से समझने का अवसर दिया। विद्यार्थी प्रतिभागी थियो ने कहा कि कार्यक्रम की सबसे खास बात इसकी आपसी संवाद की प्रकृति थी। वह कहती हैं, ह्लउन्होंने यह सुनिश्चित किया कि कोई भी अलग-थलग महसूस न करे। यह बहुत समग्र अनुभव था रुद्राक्षी के लिए इस अनुभव ने भारत और अमेरिका के युवाओं के बीच समानताओं को उजागर किया। वह कहती हैं, ह्लहमें यह जानने का मौका मिलता है कि वे क्या सोचते हैं, वे कैसे हैं, खेल के प्रति उनकी मानसिकता क्या है और हमारी समानताएं क्या हैं।ह्व बास्केटबॉल प्रशिक्षक और कंटेंट क्रिएटर देवांश पावडीघड़ा ने इन संबंधों को स्वयं अनुभव किया है। अमेरिका में अध्ययन और प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद वह अब भारत में युवा प्रतिभाओं को विकसित करने के साथ-साथ देश की बढ़ती बास्केटबॉल संस्कृति का दस्तावेजीकरण भी कर रहे हैं। वह कहते हैं, ह्लखेल, कला और संगीत, ये कुछ ऐसी चीजें हैं जो सभी सीमाओं को पार कर जाती हैं।ह्व पावडीघड़ा का मानना है कि बास्केटबॉल लोगों में एकता की भावना पैदा करता है, जैसा बहुत कम मंच कर पाते हैं। इस खेल के माध्यम से बने उनके संबंध आज भी उनके जीवन और कॅरियर को आकार दे रहे हैं। वह कहते हैं, ह्लदोस्त बनाने, नए लोगों से मिलने और आत्मविश्वास विकसित करने में बास्केटबॉल ने मेरी बहुत मदद की है। यह लोगों को अनोखे तरीके से जोड़ता है और यही इसकी सबसे अद्भुत बात है। डीवॉत्स भारत में बास्केटबॉल की अपार संभावनाएं देखते हैं। वह कहते हैं, ह्लभारत एक महान और विशाल देश है। हम बास्केटबॉल के विकास में, विशेष रूप से बच्चों के लिए, उनकी मदद करना चाहेंगे।

# फुटबॉल का सबसे महान खिलाड़ी कौन?

**अब लियोनेल मेस्सी और फ्रांस के किलियन एम्बाप्पे लगातार कमाल कर रहे हैं। इस विश्वकप में इन दोनों का प्रदर्शन देखकर लगता है कि अब इन्हें भी पेले-माराडोना वाली श्रेणी में रखना चाहिए या नहीं? कुछ जानकार कहते हैं कि अभी इनका करियर चल रहा है इसलिए जल्दबाजी न करें। मेस्सी तो 2022 में विश्वकप जिताकर खुद को साबित कर चुके हैं।**

**-विवेक शुक्ला**

फीफा विश्वकप के दौरान ये सवाल हमेशा उठता है कि फुटबॉल का असली बादशाह कौन है? इस बार 2026 विश्वकप में भी यही बहस जोरों पर है। फुटबॉल का पूरा इतिहास ही महान खिलाड़ियों की तुलना से भरा पड़ा है। ब्राजील के पेले और अर्जेंटीना के डिएगो माराडोना को अक्सर सर्वकालिक महानतम माना जाता है। दोनों बिग मैच के सच्चे योद्धा थे, जिन्होंने विश्वकप जैसे सबसे बड़े मंच पर अपनी टीम को अकेले दम पर खिताब जिताया।अब लियोनेल मेस्सी और फ्रांस के किलियन एम्बाप्पे लगातार कमाल कर रहे हैं। इस विश्वकप में इन दोनों का प्रदर्शन देखकर लगता है कि अब इन्हें भी पेले-माराडोना वाली श्रेणी में रखना चाहिए या नहीं? कुछ जानकार कहते हैं कि अभी इनका करियर चल रहा है इसलिए जल्दबाजी न करें। मेस्सी तो 2022 में विश्वकप जिताकर खुद को साबित कर चुके हैं। अगर एम्बाप्पे 2026 जीत गए तो उनकी दावेदारी और मजबूत हो जाएगी। फुटबॉल प्रेमी एक राय नहीं हैं! एक पीढ़ी पेले को पूजती है, दूसरी मेस्सी को। बेशक, पेले और माराडोना ने फुटबॉल को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया। मेस्सी ने इसमें सुंदरता और निरंतरता जोड़ी, जबकि एम्बाप्पे ने गति और भूख का जादू दिखाया। इन चारों को अलग-अलग श्रेणी में रखना ही बेहतर है। सब महान हैं, बस युग अलग-अलग हैं। 2026 विश्वकप ने इनकी तुलना को और रोचक बना दिया है। पेले को फुटबॉल का राजा ही कहते हैं। उन्होंने ब्राजील को 1958, 1962 और 1970 में विश्वकप जिताया। ये उपलब्धि आज भी अनोखी है। कोई और खिलाड़ी तीन विश्वकप नहीं जीत सका। 1958 में सिर्फ 17 साल की उम्र में उन्होंने विश्वकप जीता और फाइनल में दो गोल ठोके। कुल मिलाकर चार विश्वकप में 14 मैच खेले और 12 गोल किए। फुटबॉल का मतलब सिर्फ लंबी शॉट मारना नहीं होता। असली बड़ा खिलाड़ी वो है जो ड्रिबलिंग में माहिर हो, जिसे देखने दर्शक स्टेडियम भरकर आते हैं। पेले इसमें कमाल के थे। उनके दोनों पैर चलते थे, हेडिंग भी जबरदस्त। अंतरराष्ट्रीय मैचों में 92 खेलों में 77 गोल किए। क्लब में सैंटोस के लिए ढेर सारे खिताब जीते। उन्होंने फुटबॉल को पूरी दुनिया में लोकप्रिय बनाया। हां, आलोचक कहते हैं कि उनके समय में प्रतिस्पर्धा कम थी।डिएगो माराडोना 1986 विश्वकप के असली नायक थे। उनका दायां पैर तो औसत था, हेडिंग भी औसत। लेकिन उनका बायां पैर? वो जादू था! गेंद उनके बाएं पैर पर आ गई तो फिर रोकना नामुमकिन। गेंद पर नियंत्रण, विरोधी को छकाने की कला ऐसी दोबारा नहीं देखी जाएगी। वो मैदान में हर जगह नजर आते थे। पेले की ड्रिबलिंग भी लाजवाब थी लेकिन माराडोना उनसे थोड़े ऊपर माने जाते हैं। फ्री किक में भी मास्टर। टीम पर उनका असर गजब का था।

उन्होंने अर्जेंटीना को खिताब दिलाया। क्वार्टर फाइनल में इंग्लैंड के खिलाफ 'हैंड ऑफ गॉड' गोल और मिडफील्ड से अकेले दौड़कर किया 'सेंचुरी का गोल' आज भी याद किया जाता है। 1986 में 5 गोल और 5 असिस्ट- एक विश्वकप में ऐसा करने वाले इकलौते खिलाड़ी। 91 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 34 गोल। चार विश्वकप में 21 मैच, 8 गोल। क्लब में नेपोलि को दो सीरी ए खिताब दिलाए, जो उस वक्त इटली की सबसे बड़ी उपलब्धि थी। उनका जादू ड्रिबलिंग और विजन में था। बिग मैच में खिल उठते थे। लेकिन ऑफ-फील्ड विवाद, ड्रग्स और अनुशासन की कमी उनकी छवि पर असर डालती रही।

बहुत से लोग मेस्सी को पहले ही द ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम मान चुके हैं। वे अभी 900 से ज्यादा गोल कर चुके हैं। 2022 में अर्जेंटीना को विश्वकप चैंपियन बनाया। अब 2026 विश्वकप में 38 साल की उम्र में भी कमाल कर रहे हैं। ग्रुप स्टेज में हैट्रिक समेत 6 गोल दाग चुके हैं। मेस्सी का खेल शांत लेकिन घातक है। उनकी पासिंग, फ्री किक और फिनिशिंग बेमिसाल है। पहले आलोचक कहते थे कि देश के लिए विश्वकप नहीं जिता पाएंगे लेकिन 2022 ने वो सवाल हमेशा के लिए खत्म कर दिया। 2026 में उनका प्रदर्शन साबित कर रहा है कि उम्र कोई बाधा नहीं।एम्बाप्पे फुटबॉल के सबसे तेज और घातक हमलावर हैं। उनकी गति अद्भुत है। डिफेंस को चकमा देकर तेजी से आगे बढ़ना उनका सबसे बड़ा हथियार। बाएं पैर से सटीक शॉट, हेडिंग और फिनिशिंग में माहिर। गोल करते हैं और पूरी टीम को गति देते हैं। आत्मविश्वास और ठंडा दिमाग उन्हें बड़े मैचों का खिलाड़ी बनाता है।2018 में 19 साल की उम्र में फ्रांस को खिताब दिलाया और यंग प्लेयर अवॉर्ड जीता। 2022 में 8 गोल किए। 2026 विश्वकप में अब तक 6 गोल कर चुके हैं। टूनार्मेंट के टॉप स्कोररों में शामिल हैं। ये सब खिलाड़ी बड़े मैचों में चमके। माराडोना और मेस्सी ने अकेले टीम को कप जितवाया। एम्बाप्पे टीम प्लेयर भी हैं। आजकल फुटबॉल में शारीरिक फिटनेस, टैक्टिक्स और प्रतिस्पर्धा बहुत ज्यादा है। मेस्सी-एम्बाप्पे ने यूरोपीय लीगों में खेला, जहां स्तर बहुत ऊंचा है। पेले-माराडोना के समय अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल कम ग्लोबल था लेकिन विश्वकप आज भी सबसे बड़ा मापदंड है।

फुटबॉल की सबसे बड़ी खूबसूरती यही है कि बहस कभी खत्म नहीं होती। नए खिलाड़ी पुरानों की विरासत को आगे बढ़ाते रहते हैं। पेले-माराडोना की तरह मेस्सी और एम्बाप्पे भी इतिहास में अमर रहेंगे। अब आप बताएं कि आपका फेवरेट प्लेयर कौन है?

**(लेखक, वरिष्ठ पत्रकार और जाने-माने स्तंभकार हैं।)**

# जब शहर तपते हैं

**एक ओर शहर विकास, रोजगार और नवाचार के केंद्र हैं तो दूसरी ओर वे बढ़ते तापमान, अनियमित वर्षा, शहरी बाढ़, जल संकट, वायु प्रदूषण और चरम मौसमी घटनाओं के सबसे बड़े शिकार भी बनते जा रहे हैं। सामान्यतः जलवायु परिवर्तन को पर्यावरणीय समस्या माना जाता है किंतु भारतीय शहरों का अनुभव बताता है कि यह केवल प्रकृति का संकट नहीं है; यह शहरी शासन, सामाजिक न्याय और विकास मॉडल की सीमाओं को उजागर करने वाला बहुआयामी संकट है।**

**- डॉ. प्रियंका सौरभ**

भा भारत आज तीव्र शहरीकरण और जलवायु परिवर्तन- दो ऐसी प्रक्रियाओं के संगम पर खड़ा है जो देश के सामाजिक, आर्थिक और प्रशासनिक ढांचे को गहराई से प्रभावित कर रही हैं। एक ओर शहर विकास, रोजगार और नवाचार के केंद्र हैं तो दूसरी ओर वे बढ़ते तापमान, अनियमित वर्षा, शहरी बाढ़, जल संकट, वायु प्रदूषण और चरम मौसमी घटनाओं के सबसे बड़े शिकार भी बनते जा रहे हैं। सामान्यतः जलवायु परिवर्तन को पर्यावरणीय समस्या माना जाता है किंतु भारतीय शहरों का अनुभव बताता है कि यह केवल प्रकृति का संकट नहीं है; यह शहरी शासन, सामाजिक न्याय और विकास मॉडल की सीमाओं को उजागर करने वाला बहुआयामी संकट है।

इस संकट का सबसे अधिक दुष्प्रभाव उन लोगों पर पड़ता है जो शहरों की अर्थव्यवस्था और जीवन-प्रणाली को प्रतिदिन संचालित करते हैं लेकिन नीतियों और योजनाओं में सबसे पीछे रह जाते हैं। इनमें अनौपचारिक क्षेत्र के श्रमिक, प्रवासी मजदूर, सड़क विक्रेता, निर्माण श्रमिक, घरेलू कामगार, कचरा बीनने वाले और स्वच्छता कार्यकर्ता प्रमुख हैं। विडंबना यह है कि जिन लोगों के श्रम से शहर चलते हैं, वही लोग जलवायु परिवर्तन के सबसे असुरक्षित शिकार बनते हैं। भारत की लगभग 35 प्रतिशत आबादी शहरों में रहती है और आने वाले दशकों में यह अनुपात तेजी से बढ़ेगा। शहरों का विस्तार अक्सर बिना समुचित योजना के हुआ है। हरित क्षेत्रों का सिकुड़ना, जल निकायों का अतिक्रमण, अनियंत्रित कंक्रीटीकरण और कमजोर जल निकासी व्यवस्था ने शहरों की प्राकृतिक जलवायु सहनशीलता को कम कर दिया है। परिणामस्वरूप थोड़ी-सी अधिक वर्षा भी व्यापक जलभराव और बाढ़ का कारण बन जाती है, जबकि लंबे समय तक वर्षा न होने पर गंभीर जल संकट उत्पन्न हो जाता है। बढ़ते तापमान ने शहरी ₹हीट आइलैंड₹ प्रभाव को और तीव्र बना दिया है, जिससे शहर ग्रामीण क्षेत्रों की तुलना में कई डिग्री अधिक गर्म हो जाते हैं।यह स्थिति केवल प्राकृतिक कारणों का परिणाम नहीं है। यह शहरी शासन की कमियों को भी दशार्ती है। अनेक नगर निकायों के पास न तो पर्याप्त वित्तीय संसाधन हैं और न ही जलवायु परिवर्तन के अनुरूप दीर्घकालिक योजना बनाने की क्षमता। विभिन्न विभागों के बीच समन्वय का अभाव, डेटा आधारित निर्णयों की कमी और अल्पकालिक विकास परियोजनाओं पर अत्यधिक निर्भरता ने समस्या को और जटिल बना दिया है।

जलवायु परिवर्तन का प्रभाव समाज के सभी वर्गों पर समान रूप से नहीं पड़ता। आर्थिक रूप से कमजोर और सामाजिक रूप से वंचित वर्ग सबसे अधिक प्रभावित होते हैं। यही कारण है कि जलवायु परिवर्तन को अब ₹क्लाइमेट जस्टिस₹ अर्थात जलवायु न्याय के दृष्टिकोण से भी देखा जा रहा है। जिन लोगों का कार्बन उत्सर्जन सबसे कम है, वही इसके सबसे गंभीर परिणाम भुगत रहे हैं।

अनौपचारिक क्षेत्र भारतीय शहरी अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। विभिन्न आकलनों के अनुसार शहरों में कार्यरत अधिकांश श्रमिक असंगठित या अनौपचारिक क्षेत्र से जुड़े हैं। उनके पास स्थायी रोजगार, सामाजिक सुरक्षा, स्वास्थ्य बीमा या पेंशन जैसी सुविधाएँ नहीं होतीं। उनकी आय प्रतिदिन के कार्य पर निर्भर करती है। ऐसे में जलवायु परिवर्तन उनके लिए केवल मौसम का बदलाव नहीं बल्कि आजीविका का संकट बन जाता है।जब भीषण गर्मी पड़ती है, निर्माण कार्य धीमे हो जाते हैं, सड़क विक्रेताओं की बिक्री घट जाती है, रिक्शा और ई-रिक्शा चालक कम समय तक काम कर पाते हैं तथा दिहाड़ी मजदूरों की आय प्रभावित होती है। दूसरी ओर, अत्यधिक वर्षा और शहरी बाढ़ से बाजार बंद हो जाते हैं, परिवहन बाधित होता है और लाखों लोगों की रोजी-रोटी ठप पड़ जाती है। अधिकांश अनौपचारिक श्रमिकों के पास आय का कोई वैकल्पिक स्रोत नहीं होता। परिणामस्वरूप वे कर्ज, भूख और आर्थिक असुरक्षा के दुष्चक्र में फंस जाते हैं।शहरों की झुग्गी बस्तियाँ जलवायु संकट का सबसे बड़ा केंद्र बन चुकी हैं। अधिकांश झुग्गियाँ नदी किनारे, नालों के आसपास या निम्न-स्तरीय भूमि पर स्थित होती हैं, जहाँ बाढ़ और जलभराव का खतरा अधिक रहता है। इन क्षेत्रों में स्वच्छ पेयजल, सीवरेज, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन और स्वास्थ्य सेवाओं का अभाव होता है। भारी वर्षा के बाद दूषित जल फैलने से डेंगू, मलेरिया, हैजा और अन्य जलजनित रोग तेजी से फैलते हैं। गर्मी के दौरान टिन की छतों वाले छोटे घर असहनीय तापमान तक गर्म हो जाते हैं, जिससे बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं के स्वास्थ्य पर गंभीर प्रभाव पड़ता है।स्वच्छता कार्यकताओं की स्थिति और भी चिंताजनक है। वे प्रतिदिन कचरा संग्रह, नालों की सफाई, सीवर प्रबंधन और अपशिष्ट निस्तारण जैसे कार्य करते हैं। जलवायु परिवर्तन के कारण अत्यधिक गर्मी, दूषित जल और चरम वर्षा जैसी परिस्थितियाँ उनके कार्य को और अधिक जोखिमपूर्ण बना रही हैं। अनेक स्थानों पर आज भी पर्याप्त सुरक्षा उपकरण उपलब्ध नहीं हैं। हीट स्ट्रेस, संक्रमण, त्वचा रोग, श्वसन संबंधी बीमारियाँ और जहरीली गैसों का खतरा लगातार बना रहता है। विडंबना यह है कि शहरों की स्वच्छता बनाए रखने वाले ये कर्मचारी स्वयं सुरक्षित कार्य परिस्थितियों से वंचित हैं।

भारत में मैनुअल स्कैवेंजिंग पर कानूनी प्रतिबंध होने के बावजूद समय-समय पर सीवरों में दम घुटने से होने वाली मौतें यह दशार्ती हैं कि कानून और वास्तविकता के बीच अभी भी बड़ा अंतर है। जलवायु परिवर्तन के कारण भारी वर्षा के समय सीवरों और नालों की सफाई का दबाव बढ़ जाता है, जिससे जोखिम और बढ़ जाता है।महिलाएँ जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को अलग प्रकार से झेलती हैं। अनौपचारिक क्षेत्र में कार्यरत महिलाएँ घरेलू जिम्मेदारियों के साथ आर्थिक गतिविधियों में भी भाग लेती हैं। जल संकट बढ़ने पर पानी लाने का अतिरिक्त बोझ अक्सर महिलाओं पर ही पड़ता है। बाढ़ या गर्मी के दौरान स्वास्थ्य संबंधी जोखिम भी अधिक बढ़ जाते हैं। गर्भवती महिलाओं, छोटे बच्चों और बुजुर्गों की देखभाल का अतिरिक्त भार भी महिलाओं को ही उठाना पड़ता है। प्रवासी श्रमिक जलवायु संकट के सबसे अदृश्य पीड़ितों में हैं। वे प्रायः अस्थायी आवासों में रहते हैं, जहाँ मूलभूत सुविधाओं का अभाव होता है। अत्यधिक गर्मी, वर्षा या बाढ़ के समय उनके पास सुरक्षित आश्रय नहीं होता। रोजगार रुकने पर वे आय और भोजन दोनों के संकट से जूझते हैं। महामारी के दौरान यह स्थिति स्पष्ट रूप से सामने आई थी और जलवायु परिवर्तन भविष्य में ऐसी परिस्थितियों को और गंभीर बना सकता है। शहरी शासन की सबसे बड़ी चुनौती यह है कि जलवायु परिवर्तन को अक्सर केवल पर्यावरण विभाग या वन विभाग का विषय मान लिया जाता है, जबकि इसका संबंध स्वास्थ्य, परिवहन, आवास, रोजगार, जल प्रबंधन, सामाजिक सुरक्षा और आपदा प्रबंधन सहित लगभग सभी क्षेत्रों से है। यदि नगर नियोजन में जलवायु जोखिमों को शामिल नहीं किया जाएगा तो भविष्य की समस्याएँ और गंभीर होंगी।

आज आवश्यकता ऐसे शहरों की है जो केवल स्मार्ट न हों बल्कि जलवायु-सहिष्णु और सामाजिक रूप से समावेशी भी हों। इसके लिए हरित अवसंरचना का विस्तार, वर्षा जल संचयन, शहरी जल निकायों का संरक्षण, हरित पट्टियों का विकास, छायादार सार्वजनिक स्थान, प्रभावी ठोस अपशिष्ट प्रबंधन और आधुनिक जल निकासी प्रणाली विकसित करनी होगी। साथ ही प्रत्येक शहर के लिए स्थानीय परिस्थितियों के अनुरूप हीट एक्शन प्लान और बाढ़ प्रबंधन रणनीति तैयार करनी होगी।

# पूरी का 'चमत्कार'! एक ही आग पर रखे 7 बर्तनों में सबसे ऊपर वाला खाना पहले कैसे पकता है?

भा भारत ही नहीं, दुनिया भर में भगवान जगन्नाथ यात्रा लोकप्रिय है। हर साल ओडिशा में भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा निकाली जाती है। जब रथ यात्रा शुरू होती है, तो लाखों भक्त ओडिशा पहुंच जाते हैं। यहां पर श्रृद्धालुओं को रथ यात्रा के साथ-साथ कई और चीजें आकर्षित करती हैं और वो है जगन्नाथ मंदिर में बनने वाला महाप्रसाद।

इस प्रसाद से जुड़ी कई ऐसी बातें हैं जिन्हें जानकर लोग हैरान भी हो जाते हैं। सबसे खास बात यह है कि यहां खाना मिट्टी के बर्तनों में पकाया जाता है। ये सभी बर्तन एक के ऊपर एक करके रखे जाते हैं। तो चलिए बिना देर किए आपको इस लेख में जगन्नाथ मंदिर की रसोई से जुड़ी खास बातें बताने जा रहे हैं।



**दुनिया के सबसे बड़े किचन में से एक है ये रसोई**

दरअसल, जगन्नाथ मंदिर की रसोई को दुनिया की सबसे बड़ी मंदिर रसोइयों में गिना जाता है। यहां की रसोई मंदिर परिसर के साउथ ईस्ट में है। वहीं, रसोई में करीब 150 फीट लंबी, 100 फीट चौड़ी और लगभग 20 फीट ऊंची है। इसमें कुल 32 कमरे हैं और इसके अंदर लगभग 250 मिट्टी के चूल्हे बने हुए हैं। यहां हर दिन करीब 600 रसोइए और 400 लोगों मिलकर भगवान के लिए प्रसाद की तैयारी करते हैं। आहार

**मिट्टी के बर्तन में बनता है प्रसाद**

बता दें कि , इस रसोई की सबसे खास बात यही है कि इसका पारंपरिक तरीका है। यहां भोजन बनाने के लिए मिट्टी के बर्तनों का इस्तेमाल किया जाता है। वहीं, चूल्हे के लिए लकड़ी की आग तैयारी की जाती है और फिर चावल, दाल, सब्जियां और दूसरे व्यंजन मिट्टी के बर्तनों में ही पकाए जाते हैं। माना जाता है कि यहां मां लक्ष्मी स्वयं खाना बनाती हैं।

**एक के ऊपर एक रखे जाते हैं बर्तन**

यहां पर महाप्रसाद बनाते समय मिट्टी के कई बर्तन एक-दूसरे के ऊपर रख दिए जाते हैं। खासतौर पर लोग यही सोचते हैं कि नीचे रखा बर्तन पहले पकेगा,क्योंकि आग के पास यही सबसे करीब है, लेकिन यहां एक अलग ही बात देखने को मिलती है। माना जाता है कि परंपरा के अनुसार, यहां सबसे ऊपर रखा बर्तन पहले पकता है।

**भगवान जगन्?नाथ को लगता है छप्पन भोग**

जगन्नाथ प्रभु को 56 प्रकार के व्यंजनों को छप्पन भोग या महाप्रसाद कहा जाता है। भक्तजन इसे सिर्फ भोजन नहीं, बल्कि भगवान का आशीर्वाद मानते हैं। बॉलीवुडऔर दक्षिण एशियाई फिल्म

**भगवान को भोग लगाने के बाद बनता है महाप्रसाद**

सबसे पहले रसोई में भोग तैयार होता है फिर भगवान जगन्नाथ को अर्पित किया जाता है। इसके बाद इसे देवी विमला को समर्पित किया जाता है। इसके बाद ये भोजन महाप्रसाद कहलाता है। अब इस भोग को श्रद्धालुओं में बांटा जाता है।

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website :**
www.metrorays.in
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

न्यूज IN ब्रीफ

## जेजेए की जांच समिति ने न्यायिक हिरासत में बंद पत्रकारों का लिया पक्ष

**साहिबगंज :** प्रदेश नेतृत्व के निर्देश एवं जिला इकाई द्वारा पारित प्रस्ताव के आलोक में गठित तीन सदस्यीय जांच समिति ने गुरुवार को राजमहल उपकारा पहुंचकर न्यायिक हिरासत में बंद चारों पत्रकारों से मुलाकात का प्रयास किया।हालांकि उपकारा प्रशासन के नियमों के अनुसार एक समय में केवल एक प्रतिनिधि को ही जेल के अंदर प्रवेश की अनुमति दी गई।इसके बाद समिति के सदस्य एवं राजमहल प्रखंड उपाध्यक्ष सह अधिवक्ता दिनेश उपाध्याय को उपकारा में प्रवेश की अनुमति मिली।दिनेश उपाध्याय ने न्यायिक हिरासत में बंद चारों पत्रकारों से मुलाकात कर पूरे घटनाक्रम के संबंध में उनका पक्ष गंभीरता एवं निष्पक्षता के साथ सुना तथा उनसे जुड़े सभी तथ्यों एवं परिस्थितियों की जानकारी एकत्रित की।वहीं समिति के अन्य सदस्य जिला उपाध्यक्ष अब्दुल मन्नान एवं जिला उपाध्यक्ष भूदेव कुमार उपकारा परिसर में मौजूद रहे और पूरी प्रक्रिया की निगरानी करते रहे।जांच समिति ने बताया कि प्राप्त तथ्यों के आधार पर विस्तृत जांच प्रतिवेदन शीघ्र ही झारखंड जर्नलिस्ट एसोसिएशन,साहिबगंज जिला इकाई को सौंपा जाएगा।रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद संगठन प्रदेश नेतृत्व के मार्गदर्शन में आगे की आवश्यक कार्रवाई एवं निर्णय लेगा।

## वार्ड संख्या 18 में सड़क पर फैली गंदगी से लोगों में आक्रोश



**साहिबगंज :** नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड संख्या 18 में बायसी स्थान जाने वाले मुख्य रास्ते पर गाय का मल-मूत्र एवं खटाल की गंदगी फेंके जाने से स्थानीय लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय निवासियों का आरोप है कि बबलू यादव के गाय खटाल से निकलने वाला मल-मूत्र और अन्य गंदगी सड़क पर ही बहा दी जाती है।जिससे सड़क की स्थिति बेहद खराब हो गई है।रास्ते पर कीचड़, दुर्गंध और गंदे पानी के जमाव के कारण राहगीरों को आने-जाने में काफी कठिनाई हो रही है। विशेषकर बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को फिसलन भरे रास्ते से गुजरने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार शिकायत के बावजूद समस्या का समाधान नहीं किया गया है।

ग्रामीणों और मोहल्लेवासियों ने नगर परिषद प्रशासन नगर थाना से मांग की है कि सड़क पर गंदगी फैलाने वालों के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाए तथा रास्ते की सफाई कराकर लोगों को राहत दिलाई जाए। लोगों का कहना है कि बरसात के मौसम में स्थिति और भी गंभीर हो जाती है।जिससे संक्रामक बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है।स्थानीय नागरिकों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वे प्रशासन के समक्ष सामूहिक रूप से अपनी शिकायत दर्ज कराएंगे। फिलहाल सड़क पर फैली गंदगी लोगों के लिए बड़ी परेशानी का कारण बनी हुई है।

## मानसून की बारिश ने खोली बिजली विभाग की पोल

**हजारीबाग :** हजारीबाग हमारे प्रतिनिधि मानसून की पहली बारिश ने बिजली विभाग के प्री-मानसून मेंटेनेंस के दावों की हवा निकाल दी है। बुधवार देर रात शुरू हुई बारिश के साथ ही शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक की बिजली व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई। गुरुवार सुबह तक अधिकतर इलाके अंधेरे में डूबे रहे, जिससे लगभग डेढ़ लाख से अधिक उपभोक्ता भीषण उमस भरी गर्मी में बेहाल रहे। लाखे में शाम तीन बजे के बाद बिजली आयी। विदित हो कि लाखे नगर निगम का क्षेत्र होते हुए वहां ग्रामीण फीडर से लाइट दी जा रही है। इस कारण लोगों को भारी परेशानी हो रही है। बिजली की व्यवस्था लचर है तो सड़क की स्थिति भी बदहाल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बारिश के दौरान एहतियात के तौर पर देर रात 12 बजे से ही सभी फीडर बंद कर दिए गए थे। बुधवार सुबह कुछ इलाकों में आपूर्ति बहाल हुई, लेकिन कई प्रमुख फीडर समाचार लिखे जाने तक तकनीकी खराबी से जूझ रहे थे। बिजली विभाग के अनुसार संत कोलंबस और पंच मंदिर फीडर में गंभीर ब्रेकडाउन हुआ है। वहीं लोहसिंघना फीडर में 33,000 वोल्ट के तार टूट जाने के कारण मरम्मत कार्य चुनौतीपूर्ण बना हुआ है। हालांकि तकनीकी टीम स्थिति का जायजा लेने के बाद ही पूर्ण बहाली का दावा कर रही है।

बिजली गुल रहने का असर केवल रोशनी तक सीमित नहीं रहा, बल्कि जल आपूर्ति पर भी गहरा पड़ा। बिजली नहीं रहने से मोटरें नहीं चलीं, जिसके कारण शहर के विभिन्न इलाकों में पानी की किल्लत हो गई। छड़वा डैम वॉटर सप्लाई, झील ट्रीटमेंट प्लांट सहित अन्य सरकारी जल आपूर्ति ठप रही, जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। इसके अलावा, बिजली आधारित छोटे-बड़े उद्योग और व्यवसाय पूरी तरह प्रभावित रहे। कई लोगों के फोन भी डिस्चार्ज हो गए, जिससे संपर्क साधना मुश्किल हो गया। बारिश से व्यवस्था ढहने से शहरवासियों में गहरा आक्रोश है। उपभोक्ताओं का आरोप है कि मानसून से पूर्व मेंटेनेंस के नाम पर लाखों रुपये का बजट खर्च किया जाता है, लेकिन धरातल पर काम केवल कागजों तक ही सीमित रहा। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते जर्जर तारों को बदला गया होता और पेड़ों की शाखाओं की छंटाई की गई होती, तो यह स्थिति नहीं बनती। विभाग की इस लापरवाही ने भीषण गर्मी के बीच आम जनजीवन को मुसीबत में डाल दिया है। बिजली विभाग के अधिकारियों ने बताया कि कर्मी मरम्मत में जुटे हैं, लेकिन बिजली कब तक पूरी तरह सुचारू होगी, यह कहना फिलहाल मुश्किल है।

शहर में बारिश के बाद सड़कों की स्थिति पूरी तरह से खराब है। मेन रोड से लेकर हर जगह गड्ढे उभर आए हैं। बारिश में पानी के कारण भरने से राहगीरों को परेशानी हो रही है। लाखे में बारिश के बाद सड़क में जल जमाव से स्थिति बिगड़ गयी है। पानी के जमाव के कारण लोगों को आने जाने में भारी दिक्कत हो गयी है। वाहनों के लगातार आने जाने से पानी कीचड़ से सन गया है। घरों के किनारे कीचड़ जम गया है। यहां के गुजरने वाले राहगीर संबंधित विभाग और स्थानीय जन प्रतिनिधियों को खूब कोसते हैं। जनप्रतिनिधि भी खामोश हैं। लोगों में आक्रोश पनप रहा है।

## केरेडारी मुख्य चौक पर फार्मेसी का हुआ उद्घाटन

**केरेडारी :** केरेडारी मुख्य चौक स्थित शादी फार्मेसी दुकान का गुरुवार को समाजसेवी सह जेएलकेएम नेता बालेश्वर कुमार एवं क्षेत्र के कई गणमान्य लोगों द्वारा फीता काटकर विधिवत उद्घाटन किया गया। सभी लोगों ने नई दुकान के शुभारंभ पर संचालक को बधाई दी।इस अवसर पर मुख्य अतिथि बालेश्वर कुमार ने कहा कि इस प्रकार की बहुउद्देशीय दुकानों से स्थानीय लोगों को काफी सुविधा मिलेगी।क्योंकि अब उन्हें छोटी-छोटी सेवाओं के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा। उन्होंने दुकान संचालक को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह पहल क्षेत्र के विकास में भी सहायक सिद्ध होगी।

# प्रतिष्ठान में बिक्री की जाने वाले उर्वरक, बीज एवं कीटनाशी का अलग-अलग स्टॉक पंजी बनानी होगी

### उर्वरकों की कालाबाजरी जमाखोरी डायवर्सन किसी भी परिस्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा



संवाददाता

**साहिबगंज :** आत्मा सभागार साहिबगंज में दो दिवसीय जिला स्तरीय खाद अनुज्ञप्तिधारीयों की बैठक का आयोजन जो 1 जुलाई से 2 को किया गया। जिसकी अध्यक्षता जिला कृषि पदाधिकारी, साहिबगंज ने किया । जबकि1 जुलाई को साहिबगंज, बोरियो, पतना, बरहेट मंडरो तालझारी और 2 जुलाई राजमहल उधवा व बड़हरवा प्रखंड के अनुज्ञप्तिधारियों हेतु किया गया था।बैठक में जिला कृषि पदाधिकारी के द्वारा सभी अनुज्ञप्तिधारियों को प्रतिष्ठान के बाहर अनुज्ञप्ति में वर्णित प्रतिष्ठान का नाम, प्रोपराईटर का नाम एवं अनुज्ञप्ति संख्या स्पष्ट रूप से लिखा जाने का निदेश दिया क साथ ही प्रतिष्ठान में उर्वरक की दर तालिका एवं भण्डार की स्थिति प्रतिदिन प्रदर्शित की जाए क सभी उर्वरक अनुज्ञप्तिधारी पीओएस एम एसीएच आईएनइ के द्वारा ही उर्वरक की बिक्री करेंगे क पीओएस एमएसीएच आईएनइ में वर्णित उर्वरक का स्टॉक एवं गोदाम दुकान में रखे गए उर्वरक की मात्रा में समानता हो। प्रतिष्ठान में बिक्री की जाने वाले उर्वरक, बीज एवं कीटनाशी का अलग-अलग स्टॉक पंजी संधारित करेंगे क अनुज्ञप्ति प्राप्त किए बगैर उर्वरक, बीज एवं कीटनाशी का व्यवसाय करते हुए पाए जाने पर उनके विरूद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी ।खेत बचाओ अभियान के तहत सभी अनुज्ञप्तिधारी को निदेश दिया गया कि सभी किसानों को यूरिया एवं डी.ए.पी. का कम से कम इस्तेमाल करने हेतु जागरूक करेंगे। यूरिया एवं डी.ए.पी. का अधिकाधिक इस्तेमाल से होने वाले नुकसान से अवगत करायेंगे क साथ ही एनपीकेएस ,एस एसपी एवं एमओपी उर्वरक का इस्तेमाल करने हेतु किसानों को जागरूक करेंगे कजिला कृषि कृषि पदाधिकारी द्वारा सख्त हिदायत दिया गया कि नकली बीज, खाद एवं किटनाशी की बिक्री नहीं करेंगे। जाँच में प्रकाश में आने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। उर्वरकों का बिक्री सिर्फ कृषि कार्य हेतु करें। गैर कृषि कार्य में उर्वरक का बिक्री एवं उपयोग गैर कानूनी है। जिला कृषि पदाधिकारी के द्वारा सीमावर्ती क्षेत्र के प्रखंडों के अनुज्ञप्तिधारियों को सख्त निदेश दिया गया कि साहिबगंज के आवंटित उर्वरक की बिक्री केवल साहेबगंज के किसानों को ही करेंगे किसी अन्य राज्य या जिला के किसानों को नहीं करेंगे क ज्ञात हो कि उपायुक्त, साहिबगंज के द्वारा संयुक्त प्रवर्तन दल का गठन किया गया है कजाँच में पकडे जाने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी साथ ही उनका अनुज्ञप्ति भी रद्द करते हुए एफआईआर भी दर्ज किया जा सकता है क उर्वरकों की कालाबाजरी जमाखोरी डायवर्सन किसी भी परिस्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा कबैठक में जिला के कुल140 उर्वरक बिक्रेता ने भाग लिया।

# मैदान पर आपका पसीना आने वाले कल के लिए आपको एक बेहतर खिलाड़ी बनाएगा : राजेश



संवाददाता

**साहिबगंज :** जिला शिक्षा परियोजना, साहेबगंज द्वारा तीन दिवसीय जिला स्तरीय 65वीं सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल टूनामेंट बालक अंडर 15 , बालक अंडर 17,बालिका अंडर 17 बालिका व द्वितीय लिटिल चैंप बालक अंडर 12 का भव्य उद्घाटन बालक शहर के सिद्धू कान्हु स्टेडियम साहिबगंज में किया गया।बतौर मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधीक्षक सह जिला खेलकूद पदाधिकारी कुमार हर्षअनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी लक्ष्मण यादवजिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष राजेश यादव ने संयुक्त रूप से खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर और फुटबॉल में किक मारकर किया।जिला खेलकूद पदाधिकारी सह जिला शिक्षा अधीक्षक ने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा प्रखंड में जीत कर जिला में आने से शारीरिक शिक्षक और आपका कड़ी मेहनत और अभ्यास का परिणाम है। जीत और हार खेल का हिस्सा है। लेकिन सबसे महत्वपूर्ण है आपका प्रयास और खेल-भावना। आपने जिस लगन के साथ यहाँ तक का सफर तय किया है। ऐसे ही जारी रखें। मैदान पर आपका पसीना आने वाले कल के लिए आपको एक बेहतर खिलाड़ी और इंसान बनाएंगे व अपने प्रशिक्षकों और माता-पिता का सम्मान करें।जिन्होंने आपको इस मुकाम तक पहुँचाया है।इस मौके पर जिला खेल प्रभारी सबनम तबस्सुम टूनामेंट संचालन के लिए शारीरिक शिक्षक बीरेंद्र कुमार आदित्य कुमार लूसी कुमारी राकेश कुमार संजय सिंहा चंद्रकांत गौतम दीपक सिंह धणीकांत पाउलुष सोरेन बाबूराम सरकार खुर्शीद आलम दिवाकर दुबे सुजीत मल्लिक सुनील किस्कू मेरी अन्ना मीरु सोरेन बमबम कुमार रेफरी अनिल सोरेन आदि मौजूद रहे। अंडर 12 लिटिल चैंप्स बालक वर्ग के मैच में मंडरो ने बोरियो को उधवा ने साहेबगंज को, पतना ने तालझरी को और राजमहल ने बरहरवा को हराकर अगले राउंड में प्रवेश किया।वहीं बालिका अंडर 12 वर्ग में प्रथम स्थान पर राजमहल,द्वितीय स्थान पर पतना एवं तृतीय स्थान साहेबगंज को मिला।अंडर 17 बालिका वर्ग के मैच में पहले राउंड के लिए बरहरवा ने मंडरो को 02 01 से, पतना ने राजमहल को पेनल्टी शूट में 4-2 से,उधवा और साहेबगंज के बीच उधवा को वॉक ओवर मिला,वहीं बोरियो की टीम ने तालझारी को मात देकर अगले राउंड में प्रवेश किया।बरहेट ने पतना को हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया ।सेमीफाइनल में बरहरवा ने बरहेट को हराकर फाइनल में प्रवेश कर लिया।उधर बोरियो ने भी उधवा को 2-0 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया।फाइनल के रोमांचक मुकाबले में बोरियो और बरहरवा में शानदार मैच पेनल्टी पर खत्म हुआ ।बरहरवा ने पेनल्टी शूट आउट में बोरियो को 4- 3 से जीतकर प्रमंडल स्तरीय प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई किया।फाइनल परिणाम लिटिल चैंप बालक अंडर 12 विजेता पतना उपविजेता उधवा,लिटिल चैंप बालिका अंडर 12 विजेता -राजमहल उपविजेता पतना,सुब्रतो मुखर्जी बालिका अंडर 17 वर्ष विजेता बरहरवा उपविजेता बोरियो विजेता टीमों को मेडल प्रशस्ति पत्र और शील्ड देकर सम्मानित किया गया।03 जुलाई 2026 को बालक अंडर 17 एवं 04 जुलाई को बालक अंडर 15 वर्ष के मैच खेला जाएगा।

## जिला भू-अर्जन परियोजनाओं के प्रगति की हुई समीक्षा



संवाददाता

**साहिबगंज :** उपायुक्त दीपक कुमार दूबे की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में जिला भू-अर्जन अंतर्गत कार्यो की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।बैठक में उपायुक्त ने जिला भू-अर्जन से संबंधित विभिन्न परियोजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने एनएच 80 फेज 2 परियोजना के अंतर्गत संरचनाओं के मुआवजा भुगतान हेतु संबंधित अंचलाधिकारी को आवश्यक अभिलेख शीघ्र उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। साथ ही इस हेतु साहिबगंज सदर क्षेत्र में अधिग्रहित 3.21 एकड़ भूमि की जांच कर प्रतिवेदन उपलब्ध कराने हेतु अंचलाधिकारी साहिबगंज को निर्देशित किया।समीक्षा के दौरान बताया गया कि एनएचआई पीआईयू की विभिन्न परियोजनाओं के लिए 451.402 एकड़ भूमि का अधिग्रहण किया जा चुका है। प्राप्त ₹452.36 करोड़ में से ₹433.87 करोड़ रैयतों के बीच वितरित किए जा चुके हैं।शेष ₹18.49 करोड़ का भुगतान प्रक्रियाधीन है। पेयजल और स्वच्छता विभाग बरहरवा के पिपरा मौजा स्थित इंटेक वेल-सह-पंप हाउस निर्माण परियोजना के मुआवजा भुगतान की भी समीक्षा की गई। जिसमें भू-अर्जन पदाधिकारी अंचलाधिकारी को स्थानीय विवाद का अविलंब समाधान करने का निर्देश दिया गया।बरहरवा प्रखंड के श्रीकुंड-शिवपहाड़ पथ निर्माण परियोजना में नोटिस वितरण के दौरान आ रही समस्याओं पर उपायुक्त ने अनुमंडल पदाधिकारी, अपर समाहर्ता, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी को रैयतों के साथ बैठक कर बाधाओं का समाधान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।संमदानाला बंदरगाह रेल लाइन निर्माण परियोजना के अंतर्गत समीक्षा के दौरान पाया गया कि बोरियो साहिबगंज व तालझारी प्रखंडों से आवश्यक अभिलेख प्राप्त हैं। परियोजना के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु सामाजिक प्रभाव मूल्यांकन कार्य के लिए एजेंसी का चयन नियमानुसार सुनिश्चित करने का निर्देश अपर समाहर्ता को दिया गया ।बैठक में अपर समाहर्ता विजय कुमार अनुमंडल पदाधिकारी सह-जिला भू-अर्जन प्रभारी अमर जॉन आईन्द, एक्का सहित संबंधित विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

# करंट की चपेट में आने से युवक की मौत, गांव में मातम

**हजारीबाग :** चौपारण प्रतिनिधि गोविंदपुर पंचायत के गोरखवा गांव में बुधवार की 11 हजार वोल्ट के हाईटेंशन बिजली तार की चपेट में आने से 23 वर्षीय दिनेश यादव, पिता महाबीर यादव की मौत हो गई। घटना के बाद पूरे गांव में मातम का माहौल है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। गोरखवा निवासी बासुदेव यादव ने बताया कि, बुधवार शाम क्षेत्र में आई तेज आंधी और तूफान के कारण 11 हजार वोल्ट का बिजली का तार काफी नीचे झुक गया था। इसी दौरान पैदल चल रहा युवक दिनेश यादव अनजाने में उस लटकते हुए तार की चपेट में आ गया और बुरी तरह झुलस गया। घटना के तुरंत बाद स्थानीय ग्रामीणों और परिजनों के सहयोग से घायल युवक को आनन-फानन में बरही अनुमंडलीय अस्पताल ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए हजारीबाग सदर अस्पताल रेफर कर दिया। सदर अस्पताल में भी युवक की स्थिति बिगड़ती देख चिकित्सकों ने उसे बेहतर इलाज के लिए रिम्स, रांची रेफर कर दिया। लेकिन नियति को कुछ और ही मंजूर था, रिम्स जाने के दौरान रास्ते में ही ओरमांझी के पास युवक ने दम तोड़ दिया। अशोक यादव, समिति सदस्य गोविन्दपुर ने कहा कि दुःखद हादसा है, बिजली विभाग की लापरवाही का नतीजा है। पूरे क्षेत्र में बिजली की तारे जर्जर है। समय समय पर लटकते तारों को ठीक किया जाए। बिजली विभाग द्वारा जल्द से जल्द पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा दिया जाए।

# शिक्षा ही अंतिम विकल्प है मनोयोग से पढ़ें और गतिविधियों में बढ़-कर पर हिस्सा लें : लक्ष्मण



संवाददाता

**साहिबगंज :** 43 वॉ साहिबगंज जिला स्थापना महोत्सव2026 के तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं। इसके तहत मुख्यमंत्री उत्कृष्ट कन्या विद्यालय पोखरिया में वाद विवाद प्रतियोगिता एवं चित्रांकन प्रतियोगिता आयोजित किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कुमार हर्ष ,जिला शिक्षा अधीक्षक साहिबगंज, विशिष्ट अतिथि अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी लक्ष्मण यादव मैं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए 43वॉ साहिबगंज जिला स्थापना महोत्सव के प्रधान संयोजक डॉक्टर सच्चिदानंद ने कहा कि जिला स्थापना के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं ।इसके तहत वाद विवाद प्रतियोगिता एवं चित्रांकन प्रतियोगिता का आयोजन किया। साहिबगंज जिला का गौरवशाली इतिहास इसकी समृद्ध परंपराएं इसकी धार्मिक साहित्यिक और ऐतिहासिक विरासत को संरक्षित एवं संवर्धित करने के लिए इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। है ।ताकि स्कूली छात्र छात्राएं अपनी समृद्ध विरासत को समझे इस पर गर्व करें और इसे आगे बढ़ाने अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। 45 व स्थापना महोत्सव का टैगलाइन है साहिबगंज के लिए चलना है चलिए कदम से कदम मिलाकर चलिए।अपने संक्षिप्त उद्घाटन भाषण में कुमार हर्ष ने कहा कि शिक्षा ही अंतिम विकल्प है मनोयोग से पढ़ें और विभिन्न गतिविधियों में बढ़-कर पर हिस्सा लें ।इसका जीवन में बहुत महत्व है। कुमार हर्ष ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन से प्रतिभावान छात्रों को मंच मिलता है और उनकी प्रतिभा का निखार होता है और कार्यक्रमों में भाग लेने से उनका आत्मविश्वास बढ़ता है।विवाद प्रतियोगिता एवं चित्रांकन प्रतियोगिता में संत जेवियर विद्यालय अंग्रेजी रेलवे उच्च विद्यालय , राजस्थान इंटर विद्यालय, पब्लिक उच्च विद्यालय, उत्क्रमित उच्च विद्यालय नगर पालिका, कन्या जमुना दास बालिका उच्च विद्यालय, मंत्री उत्कृष्ट कन्या विद्यालय पोखरिया के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। वाद विवाद का विषय ₹आर्थिक विकास और आधुनिक जीवन शैली एवं पर्यावरण संरक्षण पर संभव है₹ पर 12 प्रतिभागियों ने पक्ष और विपक्ष में अपनी बात तार्किक पूर्ण ढंग से रखा। तीन सदस्य निर्णायक मंडल की टीम ने कक्षा 10 की छात्रा शिल्पा पीहू को प्रथम, तेजस कुमार को द्वितीय (दोनों सेंट जेवियर्स विद्यालय अंग्रेजी), आकाश कुमार रेलवे उच्च विद्यालय को तृतीय स्थान प्रदान किया। निर्णायक मंडल में प्रसिद्ध साहित्यकार अनिरुद्ध प्रभास, एनआरपी सेंटर के प्राचार्य मनोज कुमार झा एवं बच्चू लाल मनोरंजन हंस जगत सदस्य थे।चित्रांकन प्रतियोगिता सत्र की अध्यक्षता पूर्व नगर परिषद उपाध्यक्ष अनवर अली ने किया चित्रांकन प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों के 40 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। चित्रांकन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान तनु कुमारी कक्षा 9 मुख्यमंत्री उत्कृष्ट कन्या विद्यालय साक्षी कुमारी कक्षा 9 पीएम श्री उत्क्रमित राजकीय उच्च विद्यालय नगर पालिका तृतीय स्थान एकता श्री सेंट जेवियर्स विद्यालय साहिबगंज को प्राप्त हुआ ।इसके अतिरिक्त बेहतर प्रदर्शन के आधार पर 11 प्रतिभागियों को शांत्वना होना पुरस्कार हेतु चयनित किया। गया । अमृत प्रकाश, पर्यावरणविद् नवल कुमार झा एवं सरिता मिश्रा चित्रांकन प्रत्यय चित्रांकन प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल के सदस्य हैं।

वाद विवाद एवं चित्रांकन प्रतियोगिता के प्रभारी शिक्षक मनोहर शर्मा ने संचालन एवं बेहतर प्रबंधन किया ।मंच संचालन मनोहर शर्मा ने किया। गीता प्रतिभागियों को मुख्य कार्यक्रम 5 जुलाई 2026 प्रयागराज सभागार (प्रोविडेंट स्कूल के बगल में) पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। जबकि रेलवे उच्च विद्यालय के शिक्षक बृजेश कुमार, सेंट जेवियर्स विद्यालय के शिक्षक नृपेन्द्र मिश्र , पब्लिक उच्च विद्यालय की शिक्षिका शालिनी खलको मनोरंजन भोजपुरी परिषद की सचिव सरिता मिश्रा शिवानी आनंद जेएनयू पटना यूनिवर्सिटी अधिवक्ता नीरज शिक्षिका श्वेता मुख्य रूप से उपस्थित थी।

# कर्नाटक में बड़ा हादसा, ग्रेनाइट खदान में चट्टान गिरने से मप्र के पांच मजदूरों समेत 7 की मौत



एजेंसी

**बेंगलुरु/भोपाल :** कर्नाटक के बेंगलुरु के मदापट्टना क्षेत्र में स्थित एक ग्रेनाइट खदान में गुरुवार को बड़ा हादसा हो गया। खदान में करीब 40 फीट ऊंचाई से अचानक विशाल चट्टान खिसककर गिर गई। इस हादसे में मध्य प्रदेश के अनूपपुर जिले के पांच मजदूरों सहित कुल 7 लोगों की मौत हो गई, जबकि पांच मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए। सेंट्रल रेंज के डीआईजी एस. गिरीश ने मीडिया से बातचीत में मध्य प्रदेश के पांच मजदूरों की मौत की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि हादसे में छत्तीसगढ़ और कर्नाटक के एक-एक मजदूर की भी जान गई है। घायल मजदूरों को तुरंत नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है। हादसे के बाद कर्नाटक के मुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार ने दुख जताते हुए जांच के निर्देश दिए। खदान मालिक ने मृतकों के परिजन को 10-10 लाख और घायलों को 5-5 लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने पर सहमति जताई। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, खदान में ऊपर और नीचे दो क्रशर संचालित हो रहे थे। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि ऊपरी हिस्से में ड्रिलिंग के दौरान अचानक विशाल ग्रेनाइट चट्टान नीचे खिसक गई, जिससे यह दर्दनाक दुर्घटना हुई। सेंट्रल रेंज के डीआईजी एस. गिरीश ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि मृतकों में मध्य प्रदेश के मजदूर शामिल हैं और रेस्क्यू पूरा कर लिया गया है। मध्य प्रदेश के श्रम मंत्री प्रहलाद पटेल ने घटना पर जानकारी मांगी है और कर्नाटक प्रशासन से संपर्क साधा जा रहा है। मध्य प्रदेश के श्रम विभाग के प्रमुख सचिव रघुराज एमआर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा- कर्नाटक में हुई एक घटना के बारे में जानकारी मिली है। मृतकों में मध्य प्रदेश के मजदूरों के शामिल होने की आशंका है। मध्य प्रदेश के श्रम आयुक्त कर्नाटक के अपने समकक्ष के संपर्क में हैं। आवश्यक समन्वय कर रहे हैं।

जानकारी के अनुसार, हादसे में जान गंवाने वाले पांचों मजदूर मध्य प्रदेश के अनूपपुर जिले के जैतहरी थाना क्षेत्र के निवासी थे। मृतकों में भुवनेश्वर सिंह गौंड, राजपाल सिंह (35), रामअवतार सिंह (31) और राजेश प्रसाद चौधरी (28) शामिल हैं, जबकि एक अन्य मृतक की पहचान की प्रक्रिया जारी है। वहीं, तीन मजदूर घायल हुए हैं, जिनकी पहचान गुलाब सिंह (27), राजपाल सिंह (30) और छोटू लाल के रूप में हुई है। मृतकों में एक ग्राम सिंघोरा, एक ग्राम सेमरवार और एक ग्राम चोलना का रहने वाला था। अनूपपुर एसपी विक्रांत मुराब ने बताया कि सभी पीड़ितों के संबंध में विस्तृत जानकारी जुटाई जा रही है। उधर, कर्नाटक के मुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार ने कहा कि शुरूआती रिपोर्ट में हादसे की वजह ब्लास्टिंग नहीं, बल्कि चट्टान खिसकना या मिट्टी धंसना सामने आई है। वास्तविक कारण जांच रिपोर्ट के बाद स्पष्ट होगा। भविष्य में ऐसे हादसे रोकने के लिए नए सुरक्षा दिशा-निर्देश जारी किए जाएंगे। कर्नाटक सरकार के मंत्री प्रियंक खड़गे ने प्रथम दृष्टया लापरवाही की आशंका जताई। उन्होंने कहा कि खान एवं भूविज्ञान और गृह विभाग संयुक्त जांच कर रहे हैं। दोषियों पर कार्रवाई होगी।

## मध्य प्रदेश में मानसून ने पकड़ी रफ्तार, आज खंडवा-हरदा में रेड अलर्ट, 19 जिलों में भारी बारिश की चेतावनी

एजेंसी

**भोपाल :** मध्य प्रदेश में मानसून अब पूरी तरह सक्रिय हो गया है। 9 दिन की देरी से 24 जून को प्रदेश में दस्तक देने वाला मानसून गुरुवार को उज्जैन, ग्वालियर और चंबल संभाग के जिलों तक भी पहुंच गया। हालांकि, अब तक प्रदेश के 38 जिलों में सामान्य से कम बारिश दर्ज की गई है, जबकि भोपाल, इंदौर और देवास में सबसे अधिक वर्षा हुई है। मौसम विभाग के अनुसार, आने वाले दिनों में पूरे प्रदेश में बारिश का सिलसिला जारी रहेगा। शुक्रवार को खंडवा और हरदा जिलों के लिए अति भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया गया है। वहीं धार, बड़वानी, खरगोन, देवास, बुरहानपुर और बैतूल में भी अति भारी बारिश की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग के अनुसार, अगले 24 घंटे के दौरान इन इलाकों में 4 से 8 इंच तक बारिश हो सकती है। इसके अलावा रतलाम, उज्जैन, राजगढ़, रायसेन, नर्मदापुरम, सागर, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, सिवनी, बालाघाट, डिंडौरी और अनूपपुर में भारी बारिश का अनुमान है। वहीं आलीराजपुर, झाबुआ, नीमच, मंदसौर, आगर-मालवा, इंदौर, शाजापुर, सीहोर, विदिशा, गुना, अशोकनगर, शिवपुरी, श्योपुर, ग्वालियर, मुरैना, भिंड, दतिया, निवाड़ी, टीकमगढ़, छतरपुर, दमोह, पन्ना, सतना, रीवा, मऊगंज, सीधी, जबलपुर, सिंगरौली, मैहर, उमरिया, कटनी, शहडोल और मंडला में भी तेज बारिश और आंधी का दौर जारी रहने की संभावना है। मौसम विभाग ने 6 जुलाई तक प्रदेश के कई हिस्सों में अति भारी से भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। अगले दो दिनों के लिए रेड अलर्ट घोषित किया गया है, जो इस मानसून सीजन का पहला रेड अलर्ट है। गुरुवार को राजधानी भोपाल सहित 15 से अधिक जिलों में तेज बारिश दर्ज की गई।

## उत्तर बंगाल में आपदा स्थिति की समीक्षा के लिए आज उत्तरकन्या में अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी

एजेंसी




**सिलीगुड़ी:** मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी आज एक बार फिर उत्तर बंगाल के दौरे पर आ रहे हैं। दो महीने के भीतर यह उनका तीसरा दौरा होगा। शुक्रवार को वे सिलीगुड़ी पहुंचेंगे और उत्तरकन्या में प्रशासनिक बैठक कर उत्तर बंगाल के आठ जिलों में आपदा प्रबंधन की तैयारियों की समीक्षा करेंगे। बैठक दोपहर दो बजे शुरू होने वाली है। बैठक समाप्त होने के बाद मुख्यमंत्री कोलकाता लौट जाएंगे। दार्जिलिंग, कालिम्पोंग और जलपाईगुड़ी के प्रशासनिक अधिकारी बैठक में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित रहेंगे। जबकि उत्तर बंगाल के अन्य जिलों के अधिकारी वर्चुअल माध्यम से शामिल होंगे। मुख्यमंत्री के साथ मुख्य सचिव मनोज कुमार अग्रवाल और कुछ मंत्रियों के भी आने की संभावना है। राज्य के वित्त राज्य मंत्री आनंदमय बर्मन ने बताया, ₹हमारी सरकार उत्तर बंगाल को कितना महत्व देती है, यह मुख्यमंत्री की प्रशासनिक पहल से स्पष्ट है। उत्तर बंगाल अब उपेक्षित नहीं रहेगा। प्रशासन को मुख्यमंत्री के दौरे की जानकारी गुरुवार को ही मिली, जिसके बाद दार्जिलिंग और जलपाईगुड़ी के अधिकारी तत्काल उत्तरकन्या पहुंचकर बैठक की तैयारियों में जुट गए। नौ मई को मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के बाद उन्होंने पहली बार 20 मई को उत्तर बंगाल का दौरा किया था, जहां उत्तरकन्या में जिला प्रशासन के साथ बैठक में प्राकृतिक आपदाओं पर विशेष चर्चा हुई थी। इसके बाद 16 जून को वे कर्सियांग में जनकल्याण शिविर में शामिल हुए थे। शुक्रवार का दौरा दो महीने के भीतर उनका उत्तर बंगाल का तीसरा दौरा होगा।

### ऑपरेशन कन्विक्शन में औरैया पुलिस को बड़ी सफलता

**औरैया :** उत्तर प्रदेश के औरैया जनपद पुलिस द्वारा चलाए जा रहे ह्लऑपरेशन कन्विक्शनह्व अभियान के तहत माह जून 2026 में विभिन्न थानों पर पंजीकृत गंभीर एवं चर्चित अभियोगों में प्रभावी पैरवी के चलते 21 मामलों में अपराधियों को न्यायालय से सजा दिलाई गई। पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश, अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, पुलिस उपमहानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र तथा पुलिस अधीक्षक औरैया के निर्देशन में मॉनिटरिंग सेल, विशेष लोक अभियोजकों एवं संबंधित थाना पुलिस की सक्रिय पैरवी से यह सफलता हासिल हुई। पुलिस विभाग के अनुसार, चिन्हित सनसनीखेज एवं जघन्य अपराधों में त्वरित सुनवाई और प्रभावी साक्ष्यों के आधार पर न्यायालय ने दोषियों को कठोर कारावास एवं अर्थदंड की सजा सुनाई। इनमें पॉक्सो एक्ट, दुष्कर्म, आर्म्स एक्ट, एक्साइज एक्ट, सड़क दुर्घटना तथा मारपीट जैसे मामलों के आरोपी शामिल हैं। सबसे प्रमुख मामलों में थाना अजीतमल के मुकदमा संख्या 232/2019 में दुष्कर्म एवं पॉक्सो एक्ट से संबंधित अभियुक्त को सश्रम आजीवन कारावास तथा 30 हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई गई। वहीं थाना कोतवाली औरैया के मुकदमा संख्या 125/2020 में अभियुक्त सुनील को 15 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 25 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया गया।

## डोनाल्ड ट्रंप ने अपने परिवार के कारोबार का बचाव किया, कहा- बच्चों करना पड़ता है जांच का सामना

एजेंसी



**वाशिंगटन :** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने गुरुवार को अपने परिवार के कारोबार का बचाव किया। उन्होंने कहा कि उनके राष्ट्रपति बनने से पहले से ही बच्चे व्यापार के क्षेत्र में हैं। उन्हें कड़ी जांच का सामना करना पड़ता है। ट्रंप ने कहा कि राष्ट्रपति का पद इतना ताकतवर होता है कि उनके बच्चे जो कुछ भी करते हैं, उसे हितों का टकराव माना जा सकता है। राष्ट्रपति ट्रंप की यह टिप्पणी मंगलवार को जारी उनकी 2025 की वार्षिक वित्तीय प्रकटीकरण रिपोर्ट (फाइनेंशियल डिस्क्लोजर रिपोर्ट) के बाद आई है। इस रिपोर्ट से सार्वजनिक हुआ कि व्हाइट हाउस में वापसी के पहले साल 2025 में उन्होंने अपने परिवार से जुड़े क्रिप्टोकरेंसी वेंचर से 580 मिलियन डॉलर से ज्यादा कमाए। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने व्हाइट हाउस के ओवल ऑफिस में सीएनबीसी के साथ साक्षात्कार में इस सबके अलावा अन्य मुद्दों पर पर भी बातचीत की। ट्रंप ने कहा, राष्ट्रपति की नीतियां अर्थव्यवस्था के लगभग हर हिस्से पर असर डालती हैं। बच्चों की अपनी जिंदगी है। क्रिप्टो वेंचर में कुछ भी गैरकानूनी या गलत नहीं हुआ। उन्होंने हितों के टकराव से जुड़े संघीय कानूनों का जिक्र भी किया। ट्रंप ने कहा कि राष्ट्रपति और उप राष्ट्रपति के लिए उन फैसलों से खुद को अलग करना जरूरी नहीं है जो उनके वित्तीय हितों पर असर डाल सकते हैं। ट्रंप ने इसके अलावा उच्चतम न्यायालय, अर्थव्यवस्था, बाजार, ईरान, फेडरल रिजर्व और 2026 के मध्यावधि चुनाव जैसे मुद्दों पर भी बातचीत की। उनसे उनके पसंदीदा अमेरिकी राष्ट्रपति का नाम बताने या अमेरिकी इतिहास के किसी खास दौर को अहम मानने के बारे में पूछा गया, तो ट्रंप ने कहा, ₹हमारे यहां कुछ बहुत बुरे राष्ट्रपति भी रहे हैं।₹ इसके बाद उन्होंने उच्चतम न्यायालय के हालिया फैसले का जिक्र किया। इस फैसले को राष्ट्रपति पद को मजबूत करने वाला माना गया है, क्योंकि इसने कमांडर-इन-चीफ को उन स्वतंत्र संघीय एजेंसियों के सदस्यों को हटाने की इजाजत दी जो एग्जीक्यूटिव ब्रांच के तहत काम करती हैं। ट्रंप ने कहा, इस फैसले ने राष्ट्रपति को बहुत अधिक ताकत दी, लेकिन यह पद हमेशा से मजबूत रहा है। सिर्फ मेरे समय से ही नहीं। इसे सबसे ताकतवर ओहदा माना जाता है। दूसरे देशों के राष्ट्रपतियों के पद को उतना ताकतवर नहीं माना जाता।₹ उन्होंने कहा, ₹ एक देश के तौर पर हमारी फिर से इज्जत हो रही है।

## ईरान में खामेनेई के ताबूत पर रखा गया खास लाल झंडा

## पहली बार नजर आए आईआरजीसी के नए कमांडर अहमद वाहिदी

एजेंसी



**तेहरान :** ईरान में इस साल 28 फरवरी को अमेरिका-इजराइल की संयुक्त सैन्य कार्रवाई में मारे गए देश के सर्वोच्च नेता अली खामेनेई के अंतिम संस्कार की रस्में शुरू हो गई हैं। खामेनेई के ताबूत के पास एक खास लाल झंडा रखा गया है। दिवंगत नेता के अंतिम संस्कार का कार्यक्रम शुरू होने से पहले इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) के नए कमांडर ब्रिगेडियर जनरल अहमद वाहिदी पहली बार सार्वजनिक रूप से नजर आए। अल जजीरा की रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिका से युद्ध के बाद आईआरजीसी के कमांडर अहमद वाहिदी पहली बार सार्वजनिक रूप से दिखाई दिए। उन्हें रात को अयातुल्ला खामेनेई के अंतिम संस्कार जुलूस (जो 4 जुलाई से शुरू होगा) से पहले उनके ताबूत के पास देखा गया। तेहरान में हुसैनी इमाम खुमैनी के पास विदाई समारोह के लिए अयातुल्ला अली खामेनेई का पार्थिव शरीर पहुंच गया है। हुसैनी इमाम खुमैनी तेहरान में स्थित एक प्रमुख धार्मिक और राजनीतिक सभा स्थल है। अली खामेनेई ने तीन दशकों से ज्यादा समय तक देश का नेतृत्व किया है। इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स के नए प्रमुख ब्रिगेडियर जनरल अहमद वाहिदी ने पूर्ववर्ती मोहम्मद पाकपौर की जगह ली है। पाकपौर ईरान पर शुरूआती अमेरिकी-इजराइली हमलों में मारे गए थे। वाहिदी ने गुरुवार रात पूर्व सर्वोच्च नेता खामेनेई के अंतिम संस्कार कार्यक्रम में हिस्सा लिया। 1970 के दशक के आखिर में आईआरजीसी की शुरूआत से ही उससे जुड़े रहे वाहिदी 1980 के दशक में ऊंचे पदों पर पहुंचे और खुफिया व सैन्य विभागों में अहम भूमिकाएं निभाईं। उन्होंने 1988 से 1997 तक कुद्स फोर्स का नेतृत्व किया। बाद में वाहिदी ने यह भूमिका ईरान के मशहूर कमांडर कासिम सुलेमानी को सौंप दी। सुलेमानी 2020 में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के आदेश पर हुए हवाई हमले में मारे गए। दिसंबर 2025 में सर्वोच्च नेता खामेनेई ने वाहिदी को आईआरजीसी का उप प्रमुख नियुक्त किया। वाहिदी ने वरिष्ठ राजनीतिक भूमिकाएं भी निभाई हैं।

# सराफा बाजार में महंगा हुआ सोना, चांदी की भी बढ़ी चमक

एजेंसी



**नई दिल्ली :** घरेलू सराफा बाजार में आज शुरूआती कारोबार के दौरान तेजी का रुख बना हुआ है। भाव में आए उछाल के कारण आज चेन्नई के अलावा देश के ज्यादातर दूसरे सराफा बाजार में सोना 2,770 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 3,020 रुपये प्रति 10 ग्राम तक महंगा हो गया। वहीं चेन्नई में सोने के भाव में 1500 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,630 रुपये प्रति 10 ग्राम तक की तेजी दर्ज की गई है। चांदी के भाव में भी आज 5,000 रुपये प्रति किलोग्राम तक की मजबूती दर्ज की गई है। सोने की कीमत में आई तेजी के कारण आज देश के ज्यादातर सराफा बाजार में 24 कैरेट सोना 1,43,790 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,46,190 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 1,31,810 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,34,010 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में भी उछाल आने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सराफा बाजार में आज 2,45,100 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 1,43,940 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,31,960 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,43,790 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,31,810 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,43,840 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,31,860 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,46,190 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 1,34,010 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में 24 कैरेट सोना 1,43,790 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,31,810 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,43,840 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,31,860 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जयपुर में 24 कैरेट सोना 1,43,940 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,31,960 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,43,840 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,31,860 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। लखनऊ के सराफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,43,940 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 1,31,960 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

## न्यूज IN ब्रीफ

### नवद्वीप में सुपारी कारोबारी के घर ईडी की छापेमारी

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल के नदिया जिले के नवद्वीप में शुक्रवार तड़के प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने एक सुपारी कारोबारी के आवास पर छापेमारी की। यह कार्रवाई नवद्वीप के मणिपुर इलाके में रहने वाले कारोबारी अशोक अधिकारी के दो आवासों पर की गई। जानकारी के अनुसार, शुक्रवार सुबह लगभग 5 बजे ईडी के अधिकारी 5 वाहनों के काफिले के साथ कारोबारी के घर पहुंचे और तलाशी अभियान शुरू किया। सूत्रों के मुताबिक, यह कार्रवाई मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़े एक मामले की जांच के सिलसिले में की जा रही है। कारोबारी के पुत्र ने भी बताया कि ईडी की कार्रवाई मनी लॉन्ड्रिंग मामले से संबंधित है। बताया जा रहा है कि अशोक अधिकारी का सुपारी का कारोबार केवल पश्चिम बंगाल तक सीमित नहीं है, बल्कि असम, त्रिपुरा सहित पूर्वोत्तर के कई राज्यों में भी फैला हुआ है। इसी कारोबारी गतिविधि से जुड़े वित्तीय लेनदेन और दस्तावेजों की जांच के लिए ईडी की टीम दोनों आवासों पर पहुंची। छापेमारी के दौरान ईडी के अधिकारी घर के भीतर मौजूद दस्तावेजों, वित्तीय रिकॉर्ड, बैंक लेनदेन तथा अन्य महत्वपूर्ण कागजात की गहन जांच में जुटे रहे। खबर लिखे जाने तक तलाशी अभियान जारी था और ईडी की ओर से इस कार्रवाई को लेकर कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया था। सूत्रों के अनुसार, जांच एजेंसी इस मामले में कारोबारी के वित्तीय लेनदेन, कारोबारी नेटवर्क और संभावित मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़े पहलुओं की पड़ताल कर रही है। तलाशी पूरी होने के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि जांच में क्या तथ्य सामने आए हैं और आगे की कार्रवाई किस दिशा में बढ़ेगी।

### गांदरबल में सीआरपीएफ की गाड़ी सड़क से फिसली, 6 जवान घायल

**गांदरबल :** शुक्रवार को मध्य कश्मीर के गांदरबल ज़िले में गगनगीर टनल के पास सीआरपीएफ की एक गाड़ी सड़क से फिसल गई जिससे उसमें सवार छह जवान घायल हो गए। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि ड्राइवर का गाड़ी पर से नियंत्रण हट गया जिससे गाड़ी टनल के पास सड़क से फिसल गई। इस घटना में सीआरपीएफ के छह जवान घायल हो गए। उन्होंने बताया कि घायल जवानों को घटना स्थल पर ही तुरंत प्राथमिक उपचार दिया गया और उसके बाद आगे के इलाज के लिए पास के मेडिकल सेंटर ले जाया गया। इस बीच पुलिस ने घटना का संज्ञान लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी गई है। विस्तृत जानकारी की प्रतीक्षा है।

### जबलपुर में देर रात नाजिया खान पर मप्र में पहली एफआईआर, जबरदस्त विरोध के बाद हुई जीरो पर कायमी

**जबलपुर :** स्वयं को 'सनातनी मुस्लिम' बताने वाली सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर नाजिया इलाही खान के खिलाफ जबलपुर के हनुमानताल थाने में मध्य प्रदेश की पहली जीरो एफआईआर दर्ज की गई है। पैगंबर मोहम्मद साहब पर कथित आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर मुस्लिम समाज और अधिवक्ताओं में लगातार रोष प्रगट किया जा रहा था। इसके पूर्व शहर के कई थानों में मुस्लिम समाज द्वारा प्रदर्शन किया गया था। इसके साथ ही जिला अधिवक्ता संघ के नेतृत्व में बड़ी संख्या में वकीलों ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर प्रदर्शन किया था। इसके बाद एसपी सम्पत उपाध्याय के निर्देश पर हनुमानताल थाना पुलिस ने देर रात मामला दर्ज किया। उल्लेखनीय है कि नाजिया इलाही खान के खिलाफ कथित विवादित टिप्पणी को लेकर मुंबई, भिवंडी, कल्याण, बरेली और मुरादाबाद सहित देश के कई शहरों में भी मामले दर्ज होने की जानकारी सामने आई है। विवाद बढ़ने के बाद भारतीय जनता पार्टी ने भी स्पष्ट किया है कि नाजिया का पार्टी से कोई संबंध नहीं है, जबकि वह सोशल मीडिया पर स्वयं को भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा से जुड़ा बताती रही हैं। वहीं नाजिया इलाही खान ने अपने बचाव में कहा है कि उनके नाम से वायरल हो रहा वीडियो एआई की मदद से तैयार किया गया है और उसमें की गई बातें उनकी नहीं हैं। जबलपुर के पुलिस अधिकारियों के अनुसार, कथित घटना मध्य प्रदेश के अधिकार क्षेत्र की नहीं है, इसलिए नियमानुसार जीरो एफआईआर दर्ज कर प्रकरण को आगे की कार्रवाई के लिए संबंधित राज्य की पुलिस को भेजा जाएगा। महाकौशल लॉ एसोसिएशन के अध्यक्ष अधिवक्ता अंकुर चौधरी ने बताया कि चार दिन पहले हनुमानताल थाने में शिकायत दी गई थी, लेकिन कार्रवाई नहीं होने पर अधिवक्ताओं ने एसपी कार्यालय का घेराव किया। उनका कहना है कि विरोध के बाद देर रात एफआईआर दर्ज की गई। फिलहाल जबलपुर पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की संबंधित धाराओं के तहत जीरो एफआईआर दर्ज कर वैधानिक प्रक्रिया शुरू कर दी है। मामले की आगे की जांच संबंधित क्षेत्र की पुलिस द्वारा की जाएगी।

### शुरूआती कारोबार में उतार-चढ़ाव के बीच शेयर बाजार में तेजी, सेंसेक्स और निफ्टी उछले

नई दिल्ली, 03 जुलाई (हि.स.)। घरेलू शेयर बाजार में आज शुरूआती कारोबार के दौरान उतार-चढ़ाव के बीच तेजी का रुख रहा। कारोबार की शुरूआत भी मजबूती के साथ हुई । हालांकि बाजार खुलते ही बिकवाली का दबाव बन जाने के कारण बाजार की चाल में मामूली गिरावट भी आई, लेकिन थोड़ी देर बाद ही खरीदारों ने लिवाली का जोर बना दिया। सुबह 10 बजे तक का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.61 प्रतिशत और निफ्टी 0.66 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे।

प्रात: 10 बजे तक का कारोबार होने के बाद स्टॉक मार्केट की दिग्गज कंपनियां में से एचसीएल टेक्नोलॉजी, टाटा स्टील, बजाज फिनसर्व, हिंडाल्को इंडस्ट्रीज और डॉक्टर रेड्डीज लेबोरेट्रीज के शेयर 3.73 प्रतिशत से लेकर 1.94 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर, अदानी एंटरप्राइजेज, टीएमपीवी, महिंद्रा एंड महिंद्रा, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया और टेक महिंद्रा के शेयर 0.48 प्रतिशत से लेकर 0.34 प्रतिशत की कमजोरी के साथ कारोबार करते हुए नजर आ रहे थे। अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,734 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 1,763 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 971 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 22 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे। दूसरी ओर आठ शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 37 शेयर हरे निशान में और 13 शेयर लाल निशान में कारोबार करते नजर आ रहे थे। बीएसई का सेंसेक्स आज 650.22 अंक की मजबूती के साथ 78,152.34 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरूआत होते ही बिकवाली का दबाव बनने पर यह सूचकांक ओपनिंग लेवल से करीब 300 अंक लुढ़क कर 77,854.83 अंक के स्तर पर आ गया। इसके बाद खरीदारों ने लिवाली का जोर बना दिया, जिससे इस सूचकांक की स्थिति में सुधार होने लगा। बाजार में लगातार जारी खरीद बिक्री के बीच सुबह 10 बजे तक का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 474.30 अंक की मजबूती के साथ 77,976.42 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था। सेंसेक्स की तरह ही एनएसई के निफ्टी ने आज 199.95 अंक उछल कर 24,375.65 अंक के स्तर से कारोबार की शुरूआत की। बाजार खुलते ही लिवालों और बिकवालों के बीच खींचतान शुरू हो गई, जिसकी वजह से इस सूचकांक की चाल में भी उतार-चढ़ाव होने लगा। बिकवाली के दबाव में निफ्टी ओपनिंग लेवल से करीब 80 अंक टूट कर 24,295.15 अंक के स्तर तक गिर गया। वहीं खरीदारी का सपोर्ट मिलने पर इसने 24,378.15 अंक के स्तर तक छलांग भी लगाई। बाजार में लगातार जारी लिवाली और बिकवाली के बीच सुबह 10 बजे तक का कारोबार होने के बाद निफ्टी 160.70 अंक की मजबूती के साथ 24,336.40 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था। इसके पहले पिछले कारोबारी दिन गुरुवार को सेंसेक्स 579.48 अंक यानी 0.75 प्रतिशत की मजबूती के साथ 77,502.12 अंक के स्तर पर बंद हुआ था। वहीं निफ्टी ने 169.85 अंक यानी 0.71 प्रतिशत की उछाल के साथ 24,175.70 अंक के स्तर पर गुरुवार के कारोबार का अंत किया था।

### नवद्वीप में सुपारी कारोबारी के घर ईडी की छापेमारी

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल के नदिया जिले के नवद्वीप में शुक्रवार तड़के प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने एक सुपारी कारोबारी के आवास पर छापेमारी की। यह कार्रवाई नवद्वीप के मणिपुर इलाके में रहने वाले कारोबारी अशोक अधिकारी के दो आवासों पर की गई। जानकारी के अनुसार, शुक्रवार सुबह लगभग 5 बजे ईडी के अधिकारी 5 वाहनों के काफिले के साथ कारोबारी के घर पहुंचे और तलाशी अभियान शुरू किया। सूत्रों के मुताबिक, यह कार्रवाई मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़े एक मामले की जांच के सिलसिले में की जा रही है। कारोबारी के पुत्र ने भी बताया कि ईडी की कार्रवाई मनी लॉन्ड्रिंग मामले से संबंधित है। बताया जा रहा है कि अशोक अधिकारी का सुपारी का कारोबार केवल पश्चिम बंगाल तक सीमित नहीं है, बल्कि असम, त्रिपुरा सहित पूर्वोत्तर के कई राज्यों में भी फैला हुआ है। इसी कारोबारी गतिविधि से जुड़े वित्तीय लेनदेन और दस्तावेजों की जांच के लिए ईडी की टीम दोनों आवासों पर पहुंची। छापेमारी के दौरान ईडी के अधिकारी घर के भीतर मौजूद दस्तावेजों, वित्तीय रिकॉर्ड, बैंक लेनदेन तथा अन्य महत्वपूर्ण कागजात की गहन जांच में जुटे रहे। खबर लिखे जाने तक तलाशी अभियान जारी था।

न्यूज IN ब्रीफ

## वीएम न्यूज ने डॉ आरके सिंह के कार्यों को बेहतर और उत्कृष्ट बताया



**ज्योति पाठक :** चिकित्सक भगवान के दूसरे स्वरूप हैं तथा लोगों के लिए जीवनदाता भी उक्त बातें वी एम न्यूज के संपादक विनय मिश्रा ने डॉ आर के सिंह के बेहतर चिकित्सा प्रणाली की सराहना करते हुए कही झारखंड के वरीय पत्रकार विनय मिश्रा ने कहा कि डॉ आर के सिंह चिकित्सा जगत के गौरव हैं और इनकी बेहतर चिकित्सा काफी प्रशंसनीय है और झारखंड राज्य के विभिन्न जिलों और दूर दराज क्षेत्रों से भी लोग चिकित्सा के लिए इनके पास आते हैं।

## धारदार हथियार से हमले में 8 माह के मासूम की मौत, माता-पिता गंभीर

**मेदिनीनगर :** हैदरनगर थाना क्षेत्र के बिंदु बिगहा गांव में गुरुवार देर शाम मामूली विवाद खूनी संघर्ष में बदल गया। गुस्से में एक युवक ने धारदार हथियार से एक ही परिवार पर हमला कर दिया, जिसमें गोद में मौजूद आठ माह के मासूम की मौत हो गई, जबकि उसके माता-पिता गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों का इलाज मेदिनीनगर सदर अस्पताल में चल रहा है।सूचना मिलते ही हैदरनगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी चितरंजन पासवान को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने मासूम के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है तथा मामले की गहन जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में मामूली कहासुनी के बाद धारदार हथियार से हमला किए जाने की बात सामने आई है।

## शादी का झांसा देकर डेढ़ साल तक यौन शोषण का आरोप, आरोपी गिरफ्त से बाहर



### न्याय के लिए दर-दर भटक रही पीड़िता

**चतरा :** जिले के हंटरगंज थाना क्षेत्र की एक युवती ने शादी का झांसा देकर लंबे समय तक यौन शोषण किए जाने का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़िता का कहना है कि उसने थाना में लिखित शिकायत दी, मामला दर्ज भी हो गया, लेकिन अब तक आरोपी की गिरफ्तारी नहीं होने से वह लगातार न्याय के लिए भटकने को मजबूर है। पीड़िता ने चेतावनी दी है कि यदि 24 घंटे के भीतर आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हुई तो वह थाना परिसर में आत्मदाह जैसा कदम उठाएगी, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन, आरोपी और उसके परिजनों की होगी।पीड़िता के अनुसार, हंटरगंज थाना क्षेत्र के ही एक युवक के साथ उसका करीब डेढ़ वर्ष से प्रेम संबंध था। उसका आरोप है कि जब वह नाबालिग थी, तभी युवक ने शादी का भरोसा देकर कई बार होटल ले जाकर शारीरिक संबंध बनाए। पीड़िता का यह भी आरोप है कि हर बार संबंध बनाने से पहले उसे गर्भनिरोधक दवा दी जाती थी। बाद में जब उसने शादी की बात की तो युवक अपने वादे से मुकर गया।पीड़िता का कहना है कि दोनों पक्षों के बीच दो बार पंचायत भी हुई। उसके अनुसार, पंचायत में युवक ने संबंध होने की बात स्वीकार की थी तथा 24 जून को दोनों की शादी कराने पर सहमति बनी थी। लेकिन तय तिथि पर युवक के परिजनों ने शादी से साफ इनकार कर दिया। पीड़िता का आरोप है कि इसके बाद उस पर पैसे लेकर समझौता करने का दबाव बनाया जाने लगा और विरोध करने पर धमकियां भी दी गईं।पीड़िता ने बताया कि उसने 25 जून और 27 जून को हंटरगंज थाना में लिखित आवेदन दिया। इसके बाद से वह लगातार थाना और पुलिस अधीक्षक कार्यालय के चक्कर लगा रही है, लेकिन अब तक आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। उसने आरोप लगाया कि कार्रवाई में हो रही देरी से आरोपी पक्ष का मनोबल बढ़ रहा है और उसे लगातार मानसिक प्रताड़ना झेलनी पड़ रही है। पीड़िता ने जिला पुलिस प्रशासन से अविलंब आरोपी की गिरफ्तारी कर निष्पक्ष कार्रवाई की मांग की है। उसने कहा कि यदि समय रहते कठोर कदम नहीं उठाया गया तो वह मजबूरी में आत्मदाह जैसा कदम उठाने को विवश होगी।इधर, मामले पर पूछे जाने पर हंटरगंज थाना प्रभारी प्रभात कुमार ने बताया कि पीड़िता के आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है तथा आरोपी की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है।

## रामगढ़ पुलिस ने लूटकांड का किया खुलासा, तीन आरोपी गिरफ्तार

### लूटी गई बाइक व मोबाइल बरामद

**मेदिनीनगर/रामगढ़ :** पलामू जिले की रामगढ़ पुलिस ने बाइक और मोबाइल लूटकांड का सफल उद्भेदन करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लूटी गई स्प्लेंडर प्लस बाइक, वीवो मोबाइल सहित घटना में प्रयुक्त पल्सर बाइक और अन्य सामान बरामद किया है।

पुलिस के अनुसार, बेनीडीह गांव के कबरा बथान निवासी सूरजदेव भुईयां ने 23 जून 2026 को रामगढ़ थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि 22 जून की शाम करीब 8 बजे सरहुआ से अपने घर लौटने के दौरान तिनकोनिया मोड़ के पास बाइक सवार तीन अज्ञात युवकों ने उनका पीछा कर रास्ता रोक लिया। इसके बाद मारपीट कर उनकी स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल और वीवो कंपनी का मोबाइल फोन लूटकर फरार हो गए।

शिकायत के आधार पर रामगढ़ थाना कांड संख्या 21/26 दर्ज कर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई शुरू की। तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने पहले चंदन कुमार को गिरफ्तार किया, जिसके पास से लूटा गया मोबाइल और घटना में प्रयुक्त पल्सर मोटरसाइकिल (खल03अव-5407) बरामद हुई। पूछताछ में मिली जानकारी के आधार पर पुलिस ने अक्षय कुमार रजक और अंकुर कुमार को भी गिरफ्तार कर लिया। उनकी निशानदेही पर लूटी गई स्प्लेंडर बाइक चैनपुर थाना क्षेत्र के भड़गांव स्थित एक रिश्तेदार के घर से बरामद की गई। पुलिस ने आरोपियों के पास से घटना में इस्तेमाल किया गया खिलौना पिस्टल, चार मोबाइल फोन, लूटी गई बाइक का नंबर प्लेट, दोनों लुकिंग ग्लास, एक प्लास, एक स्क्रू ड्राइवर और दो रिंच भी जब्त किए हैं। गिरफ्तार तीनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस पूरे मामले में आगे की कार्रवाई कर रही है।

# मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान में विधायक सुखराम उरांव ने भरा गणना प्रपत्र

### मतदाताओं से अभियान में सक्रिय भागीदारी कर समय पर प्रपत्र जमा करने की अपील

संवाददाता

**चक्रधरपुर :** मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम-2026 के तहत चक्रधरपुर विधानसभा क्षेत्र में बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) द्वारा घर-घर जाकर गणना प्रपत्रों का वितरण एवं संग्रहण कार्य निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार किया जा रहा है. इसी क्रम में गुरुवार को चक्रधरपुर विधायक सुखराम उरांव ने अपने परिवार के साथ गणना प्रपत्र भरकर संबंधित बीएलओ को सौंपा. इस अवसर पर चक्रधरपुर प्रखंड विकास पदाधिकारी कांचन मुखर्जी, सहायक गोदाम प्रबंधक सोमा पूर्ति, बीएलओ तथा अन्य कर्मी उपस्थित रहे. मौके पर विधायक सुखराम उरांव ने चक्रधरपुर विधानसभा क्षेत्र के सभी मतदाताओं से भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चलाए जा रहे इस महत्वपूर्ण अभियान में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने की अपील की. उन्होंने कहा कि प्रत्येक मतदाता अपने घर पर बीएलओ के माध्यम से प्राप्त गणना प्रपत्र को सावधानीपूर्वक भरकर निर्धारित समय के भीतर संबंधित बीएलओ को वापस करें, ताकि मतदाता सूची को अद्यतन, शुद्ध



एवं त्रुटिरहित बनाया जा सके. उन्होंने कहा कि मतदान प्रत्येक भारतीय नागरिक का संवैधानिक अधिकार होने के साथ-साथ लोकतंत्र के प्रति एक महत्वपूर्ण दायित्व भी है. इसलिए सभी पात्र नागरिकों को मतदाता सूची में दर्ज अपने विवरण का सत्यापन कर आवश्यक संशोधन सुनिश्चित करना चाहिए, ताकि कोई भी पात्र मतदाता अपने मताधिकार से वंचित न रहे. प्रशासन की ओर से बताया गया कि विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत मतदाता सूची को अधिक सटीक और अद्यतन बनाने के लिए व्यापक स्तर पर अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें बीएलओ घर-घर जाकर मतदाताओं से संपर्क कर रहे हैं.

## सुग्गा बथान टोल प्लाजा की व्यवस्थाओं पर सख्त हुए उपायुक्त

### एक सप्ताह में सुधार के दिए निर्देश

बिनय मिश्रा

गोड्डा जिला के दंडाधिकारी-सह-उपायुक्त लोकेश मिश्रा की अध्यक्षता में गुरुवार को समाहरणालय सभागार में सुग्गा बथान टोल प्लाजा की व्यवस्थाओं को लेकर महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में टोल प्लाजा के संचालन, यातायात प्रबंधन, सुरक्षा व्यवस्था, आम नागरिकों को मिलने वाली सुविधाओं तथा प्रशासनिक एवं तकनीकी पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

उपायुक्त ने संबंधित विभागों, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग (ठऌअक) के अधिकारियों तथा टोल प्लाजा प्रबंधन को निर्देश दिया कि टोल प्लाजा से गुजरने वाले यात्रियों और वाहन चालकों को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए।



उन्होंने सुचारु यातायात, सुरक्षा मानकों के पालन, आपातकालीन सुविधाओं की उपलब्धता तथा शिकायतों के त्वरित निपटारे पर विशेष जोर दिया।

डीसी ने राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिकारियों को एक सप्ताह के भीतर टोल प्लाजा की सभी आवश्यक व्यवस्थाओं की नियमित निगरानी सुनिश्चित करने तथा आमजन से प्राप्त शिकायतों का प्रभावी समाधान करने का निर्देश दिया, ताकि आवागमन सुरक्षित और निर्बाध बना रहे।

बैठक में स्थानीय विधायक प्रतिनिधियों ने भी सुग्गा बथान टोल प्लाजा से संबंधित विभिन्न सुझाव प्रशासन के समक्ष रखे।

इस दौरान एनएचएआई के अधिकारियों ने जानकारी दी कि गोड्डा सुग्गा बथान टोल प्लाजा से संबंधित निर्णय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय (टङ्ख्ष्ळ्ल) की टोल समिति के समक्ष विचाराधीन है। समिति का निर्णय प्राप्त होने के बाद इसकी आधिकारिक जानकारी साझा की जाएगी।

बैठक में पुलिस अधीक्षक मुकेश कुमार, उप विकास आयुक्त विस्पुते श्रीकांत यशवंत, अपर समाहर्ता इंदर कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी वैद्यनाथ उरांव, जिला परिवहन पदाधिकारी कंचन कुमारी भुदोलिया सहित एनएचएआई एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## फेयर प्राइस डीलर संघ के नव चयनित पदाधिकारियों का किया गया स्वागत

**बड़कागांव :** प्रखंड में बीते 21 जून को फेयर प्राइस डीलर एसोसिएशन संघ बड़कागांव के नए पदाधिकारियों का चुनाव के माध्यम से चयन किया गया था।जिसमें नव चयनित पदाधिकारियों का गुरुवार को बड़कागांव पूर्वी पंचायत भवन में एक समारोह आयोजित कर सभी नवचयनित पदाधिकारियों को माला पहनाकर एवं बुके देकर स्वागत किया गया। साथ ही प्रत्येक पंचायत से एक-एक अध्यक्ष का चयन किया गया। फेयर प्राइस डीलर एसोसिएशन संघ के नवचयनित पदाधिकारियों में सत्येंद्र कुमार गुप्ता अध्यक्ष, ऐतवा तुरी उपाध्यक्ष, बालेश्वर कुमार सचिव, चरण राम कोषाध्यक्ष, मोहम्मद काजिम उप सचिव, पवन कुमार सिंह उप कोषाध्यक्ष, रामेश्वर राम ,महासचिव, मोहम्मद संजर हुसैन महासचिव, जगन्नाथ साव, शहादत हुसैन, युगेश्वर रविदास, फुलेश्वर साव, संजय कुमार संरक्षक, महिला प्रखंड अध्यक्ष उर्मिला देवी, महिला प्रखंड उपाध्यक्ष अमर लता सहित कई सदस्यों का चयन किया गया।

बैठक में प्रखंड के सभी पंचायत से एक-एक पंचायत अध्यक्ष का भी चयन किया गया जिसमें सिंदूवारी संतोष कुमार रवि, चेपाकला राजेंद्र प्रसाद, डाडीकला शहादत हुसैन, सिकरी सोनू कुमार, सिरमा गंगाधर साहू, बड़कागांव मध्य रवि कुमार, बड़कागांव पश्चिमी विनोद राणा, बड़कागांव पूर्वी ग्राम विकास महिला मंडल, सांढ़ जागेश्वर महतो, कांडतरी फूलचंद राम, चंदौल सुरेंद्र कुमार, महुदी कुंदन कुमार, बादम मुनेश्वर राम, गोंदलपुरा सुनील कुमार, नयाटांड शिवनारायण प्रसाद, चौपदार बलिया मोहम्मद जफर, हरली तुलेश्वर कुमार, नापो बुधनाथ साव ,आंगों रफीक आलम, उरिमारी ज्योति महिला मंडल, तलश्वार शिवचरण महतो, पोटंगा सूर्यमुखी महिला मंडल, गरसुला गंगा महिला मंडल का चयन सर्वसम्मति से किया गया।

## नप अध्यक्ष सन्नी उरांव ने किया सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास

### काफी सालों से ग्रामीण कर रहे थे सड़क निर्माण की मांग

### सड़क बनने से ग्रामीणों को आवागमन में होगी सुविधा

संवाददाता

चक्रधरपुर विधानसभा क्षेत्र के बंदगांव प्रखंड के मेरोमगुटू पंचायत में मुरूमबुरा से कटवा तक 1 किलोमीटर सड़क निर्माण, पुलिया एवं गार्डवाल निर्माण कार्य का बुधवार को चक्रधरपुर नगर परिषद अध्यक्ष सन्नी उरांव, विधायक प्रतिनिधि मिथुन गागराई एवं पीरू हेम्ब्रम ने विधिवत पूजा अर्चना कर एवं नारियल फोड़कर शिलान्यास किया। सड़क, पुलिया तथा गार्डवाल का निर्माण



लघु सिंचाई प्रमंडल चाईबासा द्वारा डीएमएफटी मद से किया जाएगा। सड़क, पुलिया तथा गार्डवाल का निर्माण 1 करोड़ 18 लाख रुपये की लागत से होगी। मौके पर चक्रधरपुर नगर परिषद अध्यक्ष सह झामुमो प्रखंड अध्यक्ष सन्नी उरांव ने कहा कि मेरोमगुटू पंचायत के ग्रामीण मुरूमबुरा से कटवा पथ निर्माण की मांग काफी सालों से कर रहे थे। जिसके बाद चक्रधरपुर के विधायक सुखराम उरांव ने मामले को गंभीरता से लेते हुए इस सड़क निर्माण का अनुशंसा किया। जिसके बाद योजना पारित होने के बाद उसका विधिवत शिलान्यास किया गया। सड़क, पुलिया तथा गार्डवाल निर्माण होने से इस क्षेत्र के हजारों ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा मिलेगा। उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण गुणवत्तापूर्ण हो। जिससे ग्रामीणों को किसी तरह की कोई दिक्कत न आए। मौके पर मुख्य रूप से ग्रामीण मुंडा समेत काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## निर्माण कार्यों में गुणवत्ता से समझौता नहीं, समय पर पूरा करें : उपायुक्त

संवाददाता

**खूंटी :** उपायुक्त मो. जावेद हुसैन ने समाहरणालय परिसर के समीप कल्याण विभाग द्वारा निर्माणाधीन बिरसा मुण्डा ट्राइबल लाइब्रेरी-सह-बहुउद्देश्यीय सभागार, आर्ट एंड कल्चरल सेंटर तथा निर्माणाधीन सदर अस्पताल भवन का स्थलीय निरीक्षण कर निर्माण कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं कार्यदायी एजेंसी को गुणवत्ता और समयबद्धता सुनिश्चित करने के कड़े निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता, तकनीकी मानकों तथा उपयोग की जा रही निर्माण सामग्री की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने कहा कि सभी परियोजनाओं में अपेक्षित गति लाई जाए ताकि निर्धारित समयसीमा के भीतर कार्य पूर्ण कर आम जनता को शीघ्र इसका लाभ मिल सके। उन्होंने स्पष्ट किया कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा और सभी कार्य स्वीकृत मानकों के अनुरूप ही किए जाएं। उपायुक्त ने कहा कि बिरसा मुण्डा ट्राइबल लाइब्रेरी-सह-बहुउद्देश्यीय सभागार के निर्माण से जिले के युवाओं और विद्यार्थियों को अध्ययन, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी तथा विभिन्न शैक्षणिक एवं



सामुदायिक गतिविधियों के लिए आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी। वहीं आर्ट एंड कल्चरल सेंटर जिले में सांस्कृतिक, सामाजिक एवं सामुदायिक कार्यक्रमों के आयोजन को नई पहचान देगा। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निमार्णाधीन सदर अस्पताल भवन का भी अवलोकन किया। उन्होंने 100 बेड की अस्पताल सुविधा, इमरजेंसी सेवाएं, एंट्री-एग्जिट गेट, पार्किंग व्यवस्था तथा विभिन्न विभागों में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। साथ ही प्रस्तावित 200 अतिरिक्त बेड वाले अस्पताल निर्माण की योजना पर भी अधिकारियों के साथ विस्तार से चर्चा कर आवश्यक सुझाव दिए। इस अवसर पर संबंधित विभागों के कार्यपालक अभियंता, कार्यदायी एजेंसी के प्रतिनिधि एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# निर्माणाधीन इंडोर स्टेडियम का उपायुक्त ने किया निरीक्षण

### गुणवत्ता एवं समयबद्ध निर्माण के दिए निर्देश

मेट्रोरेज संवाददाता

**मेदिनीनगर :** जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत व मेदिनीनगर नगर आयुक्त रणजीत कुमार लाल ने गुरुवार को मेदिनीनगर शहर के वार्ड-23 स्थित निमार्णाधीन इंडोर स्टेडियम का निरीक्षण कर निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने संबंधित कार्यकारी एजेंसी एवं अभियंताओं से निर्माण की वर्तमान स्थिति की विस्तृत जानकारी प्राप्त की तथा कार्य को निर्धारित मानकों के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध ढंग से पूरा करने का निर्देश दिया।

निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने कहा कि इंडोर स्टेडियम जिले के खिलाड़ियों एवं युवाओं के लिए एक महत्वपूर्ण खेल अवसंरचना साबित होगा। इसके निर्माण से स्थानीय खिलाड़ियों को आधुनिक खेल सुविधाएं उपलब्ध होंगी तथा उन्हें



अपनी प्रतिभा निखारने के लिए बेहतर मंच मिलेगा। उन्होंने निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतने तथा गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता नहीं करने का निर्देश दिया।

उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को नियमित रूप से निर्माण कार्य की निगरानी करने तथा कार्य की प्रगति की सतत समीक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सरकार की जनहितकारी योजनाओं का लाभ आम लोगों तक समय पर पहुंचे, इसके लिए सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें।

निरीक्षण के दौरान निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधियों ने उपायुक्त को स्टेडियम निर्माण की प्रगति एवं आगामी कार्ययोजना से अवगत कराया। उपायुक्त ने आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए निर्माण कार्य को निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण करने पर विशेष बल दिया।

निरीक्षण के दौरान संबंधित विभाग के पदाधिकारी, अभियंता एवं निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

रेडमा काली मंदिर के पास युवक का शव मिलने से सनसनी, पहचान और मौत की गुत्थी सुलझाने में जुटी पुलिस*मेट्रोरेज संवाददाता.

मेदिनीनगर. शहर थाना क्षेत्र के रेडमा काली मंदिर के समीप गुरुवार को एक अज्ञात युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। स्थानीय लोगों की सूचना पर शहर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मृतक की पहचान कराने के साथ-साथ उसकी मौत के कारणों की जांच में जुटी है। घटनास्थल के आसपास मौजूद लोगों से पूछताछ की जा रही है तथा अन्य पहलुओं पर भी जांच की जा रही है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा।